श्रावण, पक्ष - शुक्ल, तिथि - सप्तमी, संवत 2083 जयपुर, बुधवार वर्ष-12, अंक-25, 19 अगस्त - 25 अगस्त, 2026 साप्ताहिक मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- पृष्ठ : 8



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत अखबार

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758


# जागरूक जनता

80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

jagrukjanta.net


## क्या थे, क्या हो गए, कहा थे-कहां आ गए, आगे कहां पहुंचेंगे?

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**वो** भी क्या दिन थे, जब सब घर में इकट्ठे रहते थे। अपनत्व था। घर में ही नहीं, मोहल्ले में भी सब प्रेम और प्यार से रहते थे। आज तो बगल वाले घर में क्या हो गया, ये भी पता नहीं चलता। पूरा घर एक तौलिये से नहा लिया करता था। किसी को कोई परेशानी नहीं होती थी। दूध भी बारी-बारी से मिलता था। आज किसी का, तो कल किसी का नंबर आता था। छोटा बच्चा मां के पास सोता था तो उसे बड़ा गुरूर होता था कि आज मैं मां के पास सोया हूं क्योंकि मां का स्नेह जो मिलता था। आज तो माँ ने बच्चे को घुमाने के लिए भी छोटी ट्रोलीनुमा गाड़ी ले ली है। घर में पिताजी के आते ही सब शोरगुल शांत। आज के पिता परिवार में कम मोबाइल में ज्यादा व्यस्त है। पहले घर में अगर बुआ आती थी तो सब गिले शिकवे शांत। आज बुआ-मामा अपने में मस्त। शब्दों का मोल ही समाप्त हो गया है। छोटा भाई इंतजार में रहता था कि बड़े भाई के कपड़े कब छोटे हों और मैं पहनूं। अगर एक ही स्कूल में दो भाई पढ़ते थे तो छोटा भाई बड़े भाई के रुवाब में सब पर रौब झाड़ता दिखाई देता था। भाई-बहन का प्यार भी आपसी झगड़े में साफ दिखाई देता था। बड़ी बहन छोटे भाई को और बड़ा भाई छोटी बहन को डांटता ही रहता था। मगर, मजाल कि जरा भी बुरा लग जाए। बड़े भाई की हर वस्तु पर छोटे का अधिकार होता था। मामा-मामी, नाना-नानी का प्यार ही अलग होता था। स्कूल से छुट्टियां आती थी तो भाग कर ममियारे, ननिहाल पहुंच जाते थे छुट्टी मनाने। एक छोटा सा संदूक तिजोरी समझी जाती थी, उसी में सब कुछ रखा जाता था। लेकिन समय के फेर में अब तौलिया अलग हो गया। दूध अधिक हो गया। मां बच्चों को, बच्चे माँ को तरसने लग गए। बाप बच्चों से डरने लग गया। बच्चों से बाप ने दूरी बना ली। बुआ अपने में सिमट गई। खीर की जगह बर्गर मोमोज आ गए। कपड़े भी सबके अलग हो गए। भाई-भाईयों में, बहन-भाईयों में प्रेम कम हो गया। धन ही महत्वपूर्ण हो गया। बाकी सब गौण रह गए। बच्चियों को कहीं अकेले भेजने में डर लगता था, मगर अब तो शहर पहुंची, नगर पहुंची, महानगर पहुंची। इन सबसे आगे सात समंदर पार बच्ची पढ़ने और कमाने विदेश भी पहुंच गई। इस आधुनिक युग में कई भाषाएं तो सीख ली, मगर संस्कार काफी पीछे छूट गए। परिवार की नींव कब से खोखली होती गई, किसी को आभास ही नहीं। बचा-कुचा ये मोबाइल खा गया। काफी कुछ प्राप्त किया है इस दौर में। मगर बहुत कुछ खो गए। गली मोहल्ले में रहने वाले लड़के लड़की भाई-बहन समझे जाते थे। मगर अब फ्रेंड हो गए। रिश्तों के अर्थ भी बदल गए। हम जिंदा तो हैं, मगर संवेदनहीन हो गए। कहां थे हम, कहां पहुंच गए! **Shivdayalmishra@gmail.com**









## अगस्त माह की जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

**20 अगस्त की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की मासिक बैठक स्थगित**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति, जयपुर की मासिक बैठक, जो 20 अगस्त 2026 (तृतीय गुरुवार) को जिला कलेक्ट्रेट सभागार, जयपुर में आयोजित की जानी थी, को स्थगित कर दिया गया है। इसके साथ-साथ ब्लॉक स्तरीय व ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई भी स्थगित कर दी गई हैं। जिला कलक्टर संदेश नायक ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 21 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक ग्रामीण सेवा शिविर-2026 एवं शहरी सेवा शिविर-2026 की बैठक हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की व्यस्तता को दृष्टिगत रखते हुए जनसुनवाई को स्थगित किया गया है।

जिला स्तरीय समारोह में मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने किया ध्वजारोहण

# उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया 80वां स्वतन्त्रता दिवस

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** देश की आजादी का 80वां स्वतन्त्रता दिवस समारोह सम्पूर्ण जयपुर जिले में उत्साह, उमंग, हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। चौगान स्टेडियम में आयोजित हुए जिला स्तरीय मुख्य समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य,सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, युवा मामले एवं खेल, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता तथा सैनिक कल्याण विभाग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी। उससे पूर्व उन्होंने अमर जवान ज्योति पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया

समारोह में मुख्य अतिथि ने खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में सांसद जयपुर शहर मंजू शर्मा, विधायक हवामहल बाल मुकुंदाचार्य, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, संभागीय आयुक्त जयपुर वे सरवन कुमार, जिला कलक्टर संदेश नायक व पुलिस आयुक्त जयपुर सचिन मित्तल सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चे, अभिभावक एवं आमजन उपस्थित रहे। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने



उपस्थित नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमे देश के महापुरूषों और स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस, बलिदान और संघर्ष के साथ साथ सेना व पुलिस के जवानों के बलिदान को भी सदा स्मरण रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमे स्वतंत्र भारत को सक्षम भारत, सक्षम भारत को समृद्ध भारत एवं समृद्ध भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन के अनुसार सबका साथ, सबका विकास के साथ-साथ सबका प्रयास से ही 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार कर पाएंगे। इस दौरान सम्पूर्ण परेड कमाण्डर हिमांशु सिंह पंवार की अगुवाई में हुई। राजस्थान सशस्त्र बल (पांचवी आरएसी) की टुकडी का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर लक्ष्मीनारण ने किया। एसआई संदीप के नेतृत्व में आयुक्तालय पुलिस पुरुष, एस आई नेहा भांभू की अगुवाई में कालिका यूनिट जयपुर, एस आई आशा के नेतृत्व में आयुक्तालय पुलिस महिला टुकड़ी ने भागीदारी की। प्लाटून कमांडर रिंकू के नेतृत्व में महिला होमगार्ड ने वहीं प्लाटून कमांडर लक्ष्मण के नेतृत्व में पुरुष होमगार्ड ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। आयुक्तालय बैंड का नेतृत्व इमामुद्दीन ने वहीं एमजीडी स्कूल के बैंड का नेतृत्व आरोही व आराध्या ने किया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम राजीव द्विवेदी ने राज्यपाल महोदय के संदेश का पठन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा 37 उत्कृष्ट कार्य करने वालों सम्मान भी किया गया। जिनमें सामाजिक क्षेत्र में कु. इराया खान, संगीत कला के क्षेत्र में दीपक माथुर, चिकित्सा (कैंसर) क्षेत्र में हेमराज गुप्ता तथा चिकित्सा क्षेत्र में भरत सिंह बांगर को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए अखिलेश यादव, अंकित खंडेलवाल, भारत राज, अनिल कुमार सैनी, अशोक कुमार शर्मा, पवन कुमार सैनी, मुकुट सिंह, गोपाल लाल शर्मा, दिनकर शर्मा, रामफूल मौर्य, रणवीर सिंह परिहार, सुनीता चौधरी, राजेन्द्र सिंह, सांवर सिंह, अनिल, कीर्ति शर्मा, डॉ. अशोक गर्ग, डॉ. नानू राम जाट, विकास प्रजापत एवं नवल किशोर शर्मा को सम्मानित किया गया। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में लाड़ी सेवा संस्थान दूदू, कुश शर्मा, प्रियंका यादव, मीनाक्षी बिंदोरिया एवं इनाया फाउंडेशन जयपुर को सम्मानित किया गया। रोड सेफ्टी एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में दिनेश सिंह, खेल-कूद के क्षेत्र में राहुल शर्मा एवं जान्हवी मेहरा, सामाजिक जनसेवा के क्षेत्र में डॉ. सुबे सिंह यादव एवं सुभाष गोयल, सामाजिक विकास के क्षेत्र में परिवर्तन रिक्तल एकेडमी, तबला वादन के क्षेत्र में दिलशाद खान तथा बैंकिंग एवं साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में संजय शर्मा को सम्मान प्रदान किया गया।

**'राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन-'** समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम् थीम पर सामूहिक लोक नृत्य एवं राष्ट्भक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान 36 विदेशी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर कंटेंट क्रिएटर के दल ने भी भारत के राष्ट्रीय पर्व के इस शानदार कार्यक्रम लुत्फ उठाया।

कृषक प्रेमचंद की खुली किस्मत

## मुख्यमंत्री से संवाद ने बनाया ब्रांड एम्बेसडर, मिलेंगे 11हजार प्रति माह

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मेहनत, नवाचार और खेती के प्रति समर्पण जब समाजहित की भावना से जुड़ता है तो एक किसान की पहचान पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बन जाती है। उदयपुर जिले के झाड़ोल क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक श्री प्रेमचंद कपाया की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में झाड़ोल में आयोजित रात्रि ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में प्रेमचंद कपाया ने जैविक, पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोड़ने के संबंध में अपने महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए।

### मुख्यमंत्री की उदारताः संवाद करने वाले कृषक को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

**कृषक** के अनुभव और सुझावों ने चौपाल में उपस्थित माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास को प्रभावित किया। उनके निर्देशानुसार कृषि विभाग, राजस्थान सरकार ने प्रेमचंद कपाया को "किसान ब्रांड एम्बेसडर" एवं ट्रेनर के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया। यह उपलब्धि न केवल श्री कपाया के लिए गौरव का विषय है, बल्कि प्रदेश के उन किसानों के लिए भी प्रेरणा है जो कृषि में नवाचार और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं।

### मुख्यमंत्री ने प्रदान किया नियुक्ति पत्र

**उदयपुर** में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रगतिशील कृषक प्रेमचंद कपाया को कृषि विभाग, राजस्थान सरकार की ओर से "किसान ब्रांड एम्बेसडर" एवं ट्रेनर के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया।इस अवसर ने एक किसान की मेहनत और अनुभव को सरकारी स्तर पर पहचान मिलने की मिसाल कायम की। कपाया अब अपने अनुभव और ज्ञान को केवल अपने खेत तक सीमित नहीं रखेंगे, बल्कि प्रदेश के किसानों के बीच पहुंचाकर खेती को अधिक टिकाऊ, लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल बनाने में योगदान देंगे। "किसान ब्रांड एम्बेसडर" एवं ट्रेनर के रूप में श्री प्रेमचंद कपाया राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में किसानों को जैविक, पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करेंगे।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया

## विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक को निभानी होगी अपनी जिम्मेदारी : कुलपति शर्मा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय), जयपुर में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात संस्थान के सुरक्षाकर्मियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई।



इस अवसर पर संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता हमें अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान के पश्चात प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि आज भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सरकार के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करना होगा। जब देश का प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाएगा, तभी विकसित भारत के संकल्प को शीघ्र साकार किया जा सकेगा।

कुलपति ने संस्थान के चिकित्सकों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

## बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के विद्याधर नगर कैंपस में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोटपुतली-बेहरोर के ए.डी.एम. डॉ. लक्ष्मी नारायण बुनकर, बीजेपी के पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता, आयोजक चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी, डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी तथा डीन एवं प्रिंसिपल डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात बीपीएड विद्यार्थियों ने परेड एवं सलामी दी। राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सम्मान अर्पित किया गया। कार्यक्रम में "यूनिटी इन डाइवर्सिटी इंडिया" के तहत "वन कल्चर, मैनी कल्चर" थीम पर वीरांगनाओं को नमन करते हुए देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं, तीज विशेष नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति एवं परंपराओं की मनोहारी झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग विभाग की वाइस प्रिंसिपल डॉ. जीशू जॉर्ज और टीम ने किया।

## राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित, चन्द्रवाल ने किया ध्वजारोहण



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल मुख्यालय में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मण्डल के सदस्य सचिव कपिल चन्द्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं तथा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई। ध्वजारोहण के पश्चात अपने संबोधन में चन्द्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होगा, जब प्रत्येक नागरिक स्वच्छ वायु, निर्मल जल और हरित पर्यावरण के संरक्षण में अपनी सरि य भागीदारी निभाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकारी संस्थाओं का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की संवैधानिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है। "इस स्वतंत्रता दिवस पर आइए, प्रदूषण से आज़ादी का संकल्प लें। प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें, कचरे का पृथक्करण अपनाएँ, जल स्रोतों को प्रदूषित होने से बचाएँ, वृक्षारोपण करें तथा पर्यावरणीय नियमों का पालन कर स्वच्छ, स्वस्थ एवं विकसित राजस्थान के निर्माण में सहभागी बनें।" चन्द्रवाल ने कहा कि राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल राज्य में औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरणीय मानकों की प्रभावी पालना तथा जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

## श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर दिखा देशभक्ति का जज्बा



**जोबनेर @ जागरूक जनता।** श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान से हुई। समारोह के मुख्य अतिथि एवं कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने ध्वजारोहण किया तथा संविधान के मूल कर्तव्यों का वाचन कराया। एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों ने परेड कर शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष एवं बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि देश ने खाद्यान्न उत्पादन, शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। कृषि विश्वविद्यालय किसानों एवं कृषि क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं नवाचार के माध्यम से कार्य कर रहा है। समारोह में विश्वविद्यालय के निदेशक, अधिष्ठाता, अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एन. के. गुप्ता ने सफल आयोजन के लिए सभी आयोजन सचिवों एवं समिति सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

जोखिम वाले खाद्य पदार्थों और क्षेत्रों पर विशेष निगरानी

## त्यौहार पर मिलावट करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**बिना पर्ची वाली दवाओं की भी होगी नियमित सैंपलिंग, मानकविहीन दवाओं पर तत्काल कार्रवाई**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग गायत्री राठौड़ ने कहा कि त्यौहार के दौरान आमजन को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। राठौड़ ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए जोखिम आधारित जांच, प्रभावी सैंपलिंग और समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि त्यौहार के दौरान जिन खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका अधिक रहती है, उन पर विशेष निगरानी रखी जाए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मैदानी स्तर पर सक्रिय रहें और मिलावटी अथवा असुरक्षित खाद्य पदार्थ मिलने पर नियमानुसार तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सैंपल लेने के बाद उनकी जांच भी तय समय में पूरी हो, ताकि मिलावट पाए जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति या प्रतिष्ठान के खिलाफ आगे की कार्रवाई में अनावश्यक देरी नहीं हो। विभाग की पूरी कार्रवाई का उद्देश्य आमजन की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना होना चाहिए। बैठक में बाजार में बिना डॉक्टर की पर्ची के मिलने वाली ओटीसी (बिना पर्ची वाली दवाएँ) दवाओं की सैंपलिंग को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। ऐसी दवाओं की नियमित जांच कर उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई दवा निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो उसकी जांच और कानूनी कार्रवाई में देरी नहीं की जाएगी। संबंधित पक्ष की जिम्मेदारी तय कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख शासन सचिव ने निर्देश दिए कि खाद्य एवं औषधि सुरक्षा से जुड़े मामलों में सैंपल लेने, जांच करने, जिम्मेदारी तय करने, कानूनी कार्रवाई और न्यायालय में मामलों की पैरवी तक पूरी प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। लंबित मामलों में जरूरी दस्तावेज और साक्ष्य समय पर उपलब्ध करवाए जाएं, ताकि मामलों का शीघ्र निस्तारण हो सके।

## ई-मित्र वॉट्सऐप सेवा पर अब 103 सरकारी सेवाएं उपलब्ध, 2.32 लाख से अधिक ट्रांजैक्शन दर्ज

जागरूक जनता नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान सरकार की ई-मित्र वॉट्सऐप सेवा ने डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में नया मुकाम हासिल किया है। 1 जुलाई को आयोजित 'नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ई-गवर्नेंस' में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा लॉन्च की गई इस सेवा पर उपलब्ध सरकारी सेवाओं का दायरा 51 से बढ़कर अब 103 हो गया है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के विशिष्ट सचिव एवं आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने बताया कि बजट घोषणा 2025-26 के ई-मित्र वॉट्सऐप के माध्यम से नागरिकों को 100 से अधिक सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लक्ष्य को पूरा करते हुए प्लेटफॉर्म पर 103 सेवाएं जोड़ी जा चुकी हैं। साथ ही इस पर अब तक 2.32 लाख से अधिक ट्रांजैक्शन दर्ज किए जा चुके हैं। नागरिक वॉट्सऐप नंबर 9461062705 के माध्यम से इन सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। ई-मित्र वॉट्सऐप प्लेटफॉर्म पर राजस्व, गृह, जन आधार, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, डिस्कॉम, स्थानीय निकाय, शिक्षा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, पुलिस सहित विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन सेवाओं को मुख्य रूप से 'एप्लीकेशन', 'डाउनलोड', 'पेमेंट', 'स्टेटस चेक' श्रेणियों में विभाजित किया गया है। नागरिक बोनाफाइड प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, ईडब्ल्यूएस आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र, नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन सहित विभिन्न सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त बिजली संबंधी शिकायत दर्ज करने और पुलिस शिकायत जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

पंच गौरव कार्यक्रम

## जिला कलक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया "राजसखी पंच गौरव रथ" का शुभारंभ

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका), जयपुर द्वारा ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने तथा पंच गौरव कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से "राजसखी पंच गौरव रथ" का शुभारंभ किया गया।




एसआईएएम, दुर्गापुरा, जयपुर से आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में जिला कलक्टर जयपुर संदेश नायक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् जयपुर प्रतिभा वर्मा द्वारा फीता काटकर राजसखी पंच गौरव रथ को रवाना किया गया। राजसखी पंच गौरव रथ के माध्यम से राजीविका से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन, प्रचार-प्रसार एवं विक्रय किया जाएगा। रथ जयपुर शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर भ्रमण करेगा, जिससे ग्रामीण महिला उद्यमियों के उत्पाद सीधे शहरी उपभोक्ताओं तक पहुंच सकेंगे। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना, उनकी आय एवं आजीविका के अवसरों में वृद्धि करना तथा स्थानीय उत्पादों को नई पहचान दिलाना है। साथ ही पंच गौरव कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विशिष्ट उत्पादों और स्थानीय विशेषताओं के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाई जाएगी। रथ में ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, सजावटी एवं उपयोगी वस्तुओं, खाद्य उत्पादों तथा अन्य स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।


## मुरलीपुरा के शिव हनुमान मंदिर में गलता तीर्थ से कांवड़ लाकर किया जलाभिषेक

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आर्यनगर मुरलीपुरा स्थित शिव हनुमान मंदिर में सावन माह के पावन अवसर पर आर्यनगर मुरलीपुरा स्थित शिव हनुमान मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिला। सावन की धार्मिक परंपरा के तहत श्रद्धालुओं ने गलता तीर्थ से कांवड़ में पवित्र जल लाकर भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना में भाग लिया। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने गलता तीर्थ से पवित्र जल लेकर धार्मिक आस्था के साथ मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किया। जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की पूजा आरती एवं विशेष प्रार्थना की गई। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि स्वास्थ्य एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मंदिर एवं



विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश वर्मा ने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना का विशेष पर्व है। कांवड़ यात्रा हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गलता तीर्थ से कांवड़ के माध्यम से पवित्र जल लाकर भगवान शिव को अर्पित करना श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का विशेष अवसर है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से हमारी परंपराएं नई पीढ़ी तक पहुंचती हैं और समाज में आपसी भाईचारा एकता एवं सद्भाव की भावना मजबूत होती है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पंचामृत एवं पवित्र जल से अभिषेक कर बेलपत्र पुष्प धतूरा एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। इसके बाद भगवान शिव की आरती की गई। यहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भगवान शिव का स्मरण करते हुए सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।




# इंस्पेक्टर दिनेश सिंह सम्मानित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** 80 वे स्वतंत्रता दिवस समारोह का जिला स्तरीय आयोजन 15 अगस्त को चौगान स्टेडियम जयपुर में हजारों लोगों के सामने, मुख्य अतिथि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर रोड सेफ्टी अवेयरनेस एवं सोशल एक्टिविटीज वर्क में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर द्वितीय विद्याधर नगर में पद स्थापित इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को मुख्य अतिथि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं जिला कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट संदेश नायक जी के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद जयपुर शहर मंजू शर्मा व विधायक आचार्य श्री बालमुकुंद आचार्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इंस्पेक्टर दिनेश सिंह ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों एवं गवर्नमेंट इंस्टीट्यूशन में सैकड़ो स्टूडेंट व नागरिकों को रोड सेफ्टी अवेयरनेस के लिए प्रेरित किया है। पूर्व में भी इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को इन्हीं उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्टेट एवं नेशनल लेवल पर सम्मानित किया जा चुका है।

# 1 नगर निगम 2 नगर परिषद् सहित 19 नगरीय निकाय वार्डों की निकाली लॉटरी


जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net


**जयपुर।** राजस्थान नगरपालिका निर्वाचन अधिनियम 2009 एवं नियम 1994 के प्रावधानों के अनुसरण में जयपुर जिले की एक नगर निगम, 2 नगर परिषद् सहित 16 नगरपालिकाओं में होने वाले चुनाव हेतु सभी वार्डों पर सीटों का निर्धारण एवं वर्गीकरण पूर्ण पारदर्शिता एवं नियमानुसार किया गया है। जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग सहित महिला वार्डों के आरक्षण के निर्धारण की प्रक्रिया सूचारू रूप से पूर्ण पारदर्शिता के साथ राजकीय विद्यालय की नन्ही छात्राओं के माध्यम से कराई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी (म्युनिसिपल) संदेश नायक ने बताया कि ओबीसी वर्ग के आरक्षण का निर्धारण ओबीसी आयोग के सर्वे के अनुसार व सरकार के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में आरक्षण की प्रक्रिया संपन्न की गई है। इस दौरान विधायक मालवीय नगर कालीचरण सर्राफ, विधायक जमवारामगढ़ महेंद्रपाल मीणा, नगर निगम जयपुर के आयुक्त ओम कसेरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा सहित अन्य राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं नगर निकाय के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।










# आज से फिर शुरू होगा बारिश का दौर, नया अलर्ट

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** दक्षिण पश्चिम मॉनसून के कमजोर पड़ने से राजस्थान के अधिकतर भागों में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि दो दिन बाद, 19 अगस्त से यह फिर जोर पकड़ सकती हैं। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, कोटा, जयपुर संभाग के कुछ भागों में आगामी 4-5 दिन हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसी तरह पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के अधिकांश भागों में आगामी 4-5 दिन कमजोर मानसून की परिस्थितियां रहेंगी। हालांकि 19 से 21 अगस्त के दौरान कोटा व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियों में पुनः बढ़ोतरी होने व कहीं-कहीं मध्यम से तेज बारिश होने की उम्मीद है। बीकानेर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में भी इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बीते चौबीस घंटों के दौरान राज्य में कहीं कहीं पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। सबसे अधिक 49 मिलीमीटर बारिश मंडरायल (करौली) में दर्ज की गई।

कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, बारां, झालावाड़, भरतपुर, धौलपुर, करौली, दौस अलवर एवं डीग जिलों तथा आस-पास के क्षेत्रों में बारिश का येलो अलर्ट है। कहीं-कहीं हल्के से मध्यम मेघगर्जन के साथ अचानक तेज हवाएं 30-40 किमी/घंटा और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक भयंकर बारिश से राहत रहेगी। 20 अगस्त के बाद उत्तर-पूर्वी और शेखावाटी बेल्ट में बारिश की वापसी हो सकती है। किसानों को सलाह दी है कि अगले कुछ दिनों में बारिश नहीं होगी, इस दौरान फसलों की गुड़ाई और निराई का काम पूर कर लें।

# हिंदुस्तान जिंक की कुल बिजली खपत में रिन्यूएबल एनर्जी की हिस्सेदारी बढ़कर हुई 22 प्रतिशत


**उदयपुर @ जागरूक जनता।** विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक और शीर्ष दस सिल्वर उत्पादक कंपनियों में शामिल वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, ने अपनी कुल बिजली खपत में रिन्यूएबल एनर्जी की हिस्सेदारी बढ़ाकर 22 प्रतिशत कर ली है। यह वित्त वर्ष 2026 के लगभग 18 प्रतिशत की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि है। कंपनी वित्त वर्ष 2028 तक अपनी कुल बिजली आवश्यकता का लगभग 70 प्रतिशत रिन्यूएबल स्रोतों से प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। राजस्थान और उत्तराखंड स्थित अपनी इकाइयों में हिंदुस्तान जिंक लगातार क्लीन एनर्जी क्षमता को मजबूत कर रही है। वित्त वर्ष 2026 में कंपनी ने 892 मिलियन यूनिट ग्रीन एनर्जी का उत्पादन किया, जबकि वित्त वर्ष 2025 में यह 632 मिलियन यूनिट था।

ग्रीन एनर्जी उत्पादन और रिन्यूएबल एनर्जी बिजली की खरीद में वृद्धि के कारण कंपनी के कुल ऊर्जा मिश्रण में क्लीन एनर्जी की हिस्सेदारी लगातार बढ़ी है। 70 प्रतिशत रिन्यूएबल एनर्जी लक्ष्य को हासिल करने के लिए कंपनी ने सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ अपने राउंड-द-क्लॉक अक्षय ऊर्जा आपूर्ति समझौते को 450 मेगावाट से बढ़ाकर 530 मेगावाट कर दिया है। इसके साथ ही कंपनी राज्य ट्रांसमिशन नेटवर्क से केंद्रीय ट्रांसमिशन नेटवर्क की ओर कनेक्टिविटी अपग्रेड कर रही है। कंपनी ऊर्जा दक्षता बढ़ाने, वेस्ट हीट रिकवरी बॉयलर की क्षमता में सुधार तथा जलाशयों पर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट्स जैसे कई नवाचारों पर भी काम कर रही है। कंपनी का नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो सौर, पवन और ऊर्जा भंडारण (स्टोरेज) समाधानों का मिश्रण है, जिससे उसके संचालन को चैबीसों घंटे स्वच्छ और भरोसेमंद बिजली मिलती है। आने वाले समय में अतिरिक्त क्षमता जुड़ने के साथ नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान और बढ़ने की उम्मीद है।












## सम्पादकीय

# बच्चों की थाली बदलनी है तो सिर्फ नियम बनाकर इतिश्री नहीं

बचपन का दौर जीवन का ऐसा पड़ाव है जहां शरीर के साथ-साथ आदतें भी आकार लेने लगती हैं। बच्चे जैसा खाते हैं वैसा ही उनका स्वास्थ्य और कुछ हद तक उनका भविष्य भी बनता है। ऐसे में देश में बच्चों के बढ़ते मोटापे को लेकर सरकार की चिंता स्वाभाविक है। स्कूलों में बच्चों के खाद्य व पेय पदार्थों के लिए कैलोरी, शुगर और नमक की मात्रा तय करने का फैसला नियंत्रण का कदम ही नहीं, बल्कि बदलती जीवनशैली के बीच बचपन को सेहतमंद रखने की कोशिश भी है।

**स्कूलों में बच्चों के खान-पान को लेकर नए नियम जंक फूड और अधिक शुगर-नमक की आदत पर लगाम लगाने की कोशिश हैं। नियमों के साथ स्वस्थ और स्वादिष्ट विकल्प उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि बचपन से ही बच्चों में बेहतर भोजन की संस्कृति विकसित हो**

यह नियंत्रण जरूरी भी हो गया है क्योंकि आज पिज्जा, बर्गर, मीठे पेय और पैकेटबंद खाद्य पदार्थ बच्चों की पसंद बन चुके हैं। स्वाद के आकर्षण के पीछे छिपी अतिरिक्त कैलोरी, शुगर और नमक का असर शरीर पर धीरे-धीरे दिखाई देता है। मोटापा आगे चलकर मधुमेह, हृदय रोग और दूसरी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का कारण बन सकता है। नए नियमों में पहली बार कैलोरी, शुगर और नमक की मात्रा के लिए स्पष्ट सीमा तय की गई है। अभी तक केवल हाई कैलोरी और हाई शुगर वाले खाद्य पदार्थों से बचने की बात होती थी, लेकिन कोई स्पष्ट सीमा नहीं थी। नए नियमों के बाद कार्रवाई का रास्ता भी साफ होगा। सच यह भी है कि केवल नियम बना देने से बच्चों की थाली नहीं बदलेगी। असली चुनौती निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन की है। देश के करीब 24.69 करोड़ बच्चों को इस दायरे में लाना आसान नहीं है। निजी, सरकारी और अर्द्धसरकारी स्कूलों में निगरानी की व्यवस्था अलग-अलग स्तर की है। इसलिए स्कूल कैंटीन की नियमित जांच, खाद्य पदार्थों की स्पष्ट लेबलिंग और नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी दंड व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। बच्चों को केवल यह कहकर नहीं रोका जा सकता कि पिज्जा मत खाओ या बर्गर मत खाओ। उन्हें इनके स्वस्थ विकल्प भी देने होंगे। स्कूल कैंटीन में फल, अंकुरित अनाज, पौष्टिक नाश्ता, दूध, छाछ और स्थानीय अनाज से बने खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जा सकते हैं। बाजरा, ज्वार और मूंग जैसे स्थानीय विकल्पों से भी स्वादिष्ट और पौष्टिक खाद्य पदार्थ तैयार किए जा सकते हैं। यानी जंक फूड हटाने के साथ-साथ स्वस्थ भोजन को भी बच्चों के लिए आकर्षक बनाना होगा। इस मामले में माता-पिता की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। उन्हें बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक करने के साथ सही भोजन के महत्व के बारे में भी बताना होगा। सरकार का यह फैसला तभी कारगर होगा, जब यह भोजन की संस्कृति बदलने का अभियान बने। बचपन को बाजार के स्वाद के हवाले नहीं किया जा सकता। स्कूल केवल पढ़ाई की जगह नहीं, बल्कि स्वस्थ नागरिक तैयार करने की प्रयोगशाला भी है। स्कूल की कैंटीन में बिकने वाला हर निवाला दरअसल आने वाली पीढ़ी की सेहत में निवेश है। जरूरी है कि हम बच्चों को जंक फूड की आदत नहीं, बल्कि अच्छे भोजन की संस्कृति दें।

**असली समस्या कहीं और है। दरअसल, शौचालय को अपवित्र मानने की पुरानी सोच अब भी जिंदा है। शौचालय साफ करने वाले को नीची नजर से देखने की मानसिकता की वजह से कोई यह काम ठीक से करना नहीं चाहता। सबसे बड़ी कमी यह है कि बच्चों को कभी सिखाया ही नहीं गया कि शौचालय में कैसे बैठें, कैसे हाथ धोएं? जब सार्वजनिक शौचालय गंदे मिलते हैं, तो आम आदमी वहीं मुड़कर चल देता है, जहां वह पहले जाता था, यानी खुले में।**

# बच्चों को स्वच्छता के संस्कार देने से समाज बदलेगा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



तुषार पुरोहित
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**हर कक्षा में एक 'शौचालय- मित्र' छात्र-छात्रा चुने जाएं, जो रोजाना साफ-सफाई, पानी- साबुन की उपलब्धता की जांच करे। अगर अब भी ये कदम नहीं उठाए गए, तो शौचालयों पर खर्च लाखों करोड़ रुपये बेकार जाते रहेंगे, लाखों बच्चे गंदगी की वजह से बीमार होंगे, लड़कियों-महिलाओं की सुरक्षा व शिक्षा पर संकट गहराता रहेगा और स्वच्छ भारत का सपना सिर्फ इमारतों का होकर रह जाएगा।**



पिछले एक दशक में भारत ने स्वच्छता के लिए वह कर दिखाया, जो आजादी के बाद कभी नहीं हुआ था। स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश में लगभग 12 करोड़ शौचालय बन चुके हैं। केंद्र व राज्य सरकारों ने खरबों रुपये इसके लिए खर्च किए। दुनिया ने ताली बजाई, पर मैदान पर तस्वीर अब भी वही है- टूटे हुए, अस्वच्छ शौचालय और खुले में शौच। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनीसेफ के नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण भारत में हर छठा व्यक्ति खुले में शौच करता है, जबकि कर्नाटक मूल्यांकन प्राधिकरण की अप्रैल 2026 की रिपोर्ट बताती है कि घर में शौचालय होने के बावजूद राज्य के 27 फीसदी लोग खुले में शौच करना पसंद करते हैं। प्रश्न यह नहीं है कि शौचालय कितने बने, सवाल यह है कि उनका सही इस्तेमाल करना कितनों को आता है?

एक ताजा अध्ययन कहता है कि शहरों में मात्र 38 प्रतिशत और गांवों में मात्र छह फीसदी परिवार ही शौचालय का सुरक्षित इस्तेमाल करते हैं, जिसमें उसके रखरखाव और हाथ धोने की प्रक्रिया का अच्छे तरीके से पालन होता है। कई गांवों में शौचालय हैं, पर ताले लगे हैं, सार्वजनिक शौचालयों में पानी, साबुन और रोशनी की समुचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे शौचालयों में कोई अंदर जाना नहीं चाहता, यानी ईंट-गारे से शौचालय तो बन गए, पर उसकी संस्कृति नहीं बनी। विश्व बैंक के एक अध्ययन में बताया गया था कि अपर्याप्त स्वच्छता से भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद का 6.4 प्रतिशत हर साल गंवा देता है। आज यह रकम कई गुना बड़ी होगी। हर साल अनुमानतः एक से डेढ़ लाख बच्चे पांच साल की उम्र से पहले ही मर जाते हैं, जिनका बड़ा कारण असुरक्षित शौचालय और गंदा पानी है। हर दिन करीब 280 छोटे बच्चों की जान इसी वजह से जा रही है। महिलाओं और लड़कियों पर सबसे भारी बोझ है- स्कूल में शौचालय न हो, तो पढ़ाई छूटती है और सुरक्षा का संकट खड़ा होता है, कार्यस्थल पर उत्पादकता घटती है। अध्ययन कहते हैं कि स्वच्छता पर एक रुपया खर्च करें, तो 4.5 रुपये तक वापस मिल जाते हैं। यह वापसी दवाई, अस्पताल और काम के खोए दिनों की बचत के रूप में होती है। फिर भी हम इसी दिशा में आधे-अधूरे मन से चल रहे हैं। असली समस्या कहीं और है। दरअसल, शौचालय को अपवित्र मानने की पुरानी सोच अब भी जिंदा है। शौचालय साफ करने वाले को नीची नजर से देखने की मानसिकता की वजह से कोई यह काम ठीक से करना नहीं चाहता। सबसे बड़ी कमी यह है कि बच्चों को कभी सिखाया ही नहीं गया कि शौचालय में कैसे बैठें, कैसे हाथ धोएं? जब सार्वजनिक शौचालय गंदे मिलते हैं, तो आम आदमी वहीं मुड़कर चल देता है, जहां वह पहले जाता था, यानी खुले में। अब समय आ गया है कि हम ईंटों से आगे की सोचें। जब तक शौचालय बनाना और उनके रखरखाव का प्रशिक्षण, दोनों साथ-साथ नहीं चलेंगे, तब तक अरबों रुपये के निवेश बेकार जाते रहेंगे। सबसे कारगर निवेश बच्चों में है, क्योंकि बच्चे ही आदतों के सबसे बड़े वाहक हैं और जो सीखते हैं, वे परिवार में ले जाते हैं। इसलिए, प्राथमिक कक्षा से ही स्वच्छता और शिष्टाचार नाम से विषय शुरू हो, जिसमें चित्र-प्रधान पुस्तिकाओं के जरिये बच्चों को शौचालय के सही उपयोग से लेकर हाथ धोने, मासिक धर्म स्वच्छता और शौचालय की साफ-सफाई तक के तरीके सिखाए जाएं। स्कूल के शौचालय इसके आदर्श बनें। लड़कों और लड़कियों के शौचालयों के लिए अलग- अलग चित्रावलियां बनें, जिनके जरिये उन्हें बताया जाए। इसी तरह, हर कक्षा में एक 'शौचालय- मित्र' छात्र-छात्रा चुने जाएं, जो रोजाना साफ-सफाई, पानी- साबुन की उपलब्धता की जांच करे। अगर अब भी ये कदम नहीं उठाए गए, तो शौचालयों पर खर्च लाखों करोड़ रुपये बेकार जाते रहेंगे, लाखों बच्चे गंदगी की वजह से बीमार होंगे, लड़कियों-महिलाओं की सुरक्षा व शिक्षा पर संकट गहराता रहेगा और स्वच्छ भारत का सपना सिर्फ इमारतों का होकर रह जाएगा, मन का नहीं बनेगा। शौचालय बनाना सरकार का काम है, उनके सुरक्षित इस्तेमाल का संस्कार देना समाज का अभी से यह काम शुरू हो जाए, तो अगली पीढ़ी को गंदगी विरासत में नहीं मिलेगी। तब हमारा देश सचमुच स्वच्छ होगा।

**राज उन्नति की आठवीं बैठकः जल भराव, सड़कों का टूटना, बिजली आपूर्ति की समस्याओं का संवेदनशीलता और तत्परता के साथ करें समाधान**

# गांव से लेकर शहरों का समग्र विकास, आमजन को गुणवत्तापूर्ण बुनियादी सुविधाएं हमारी प्राथमिकता-मुख्यमंत्री

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गांव-ढाणी से लेकर शहरों का समग्र विकास करते हुए आमजन को बुनियादी सुविधाएं को उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने जिला कलक्टरों को निर्देश दिए कि वे सफाई, पेयजल, सड़क, रोशनी, कचरा संग्रहण सहित आमजन से जुड़ी सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें। इनसे संबंधित किसी भी प्रकार की परिवेदना का प्राथमिकता से निस्तारण करें तथा कोताही बरतने पर कार्मिक और ठेकेदार पर कार्यवाही करें। अंतर विभागीय समाधान वाली शिकायतों में जिला कलेक्टर प्रभावी विभागीय समन्वय भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने इन सुविधाओं के सुचारू संचालन के लिए अतिरिक्त मानव संसाधन नियोजित करने के लिए भी विशेष रूप से निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कार्यालय में राज उन्नति की आठवीं बैठक में लगभग 60 हजार करोड़ रुपये की लागत की परियोजनाओं एवं विभिन्न योजनाओं के तहत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून का सीजन होने के कारण जल भराव, सड़कों का टूटना, बिजली आपूर्ति बाधित होना, दुर्घटनाएं होना आदि समस्याएं लगातार सामने आती हैं। जिला प्रशासन इन समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ समाधान करे। उन्होंने जिला कलक्टर्स से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने सड़कों की मरम्मत एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए प्रत्येक नगर निगम को 10 करोड़, नगर परिषद को 3 करोड़ और नगरपालिका को 1 करोड़ की राशि उपलब्ध करवाई है। जिला कलक्टर समिति गठित कर आवश्यक सड़क मरम्मत और अन्य कार्य तत्काल करवाएं। साथ ही, आवश्यकतानुसार नालियों, पुलियाओं, सड़क किनारों एवं अन्य संबंधित आधारभूत सुविधाओं की मरम्मत भी करवाएं। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच करने और मौके पर कार्य की वास्तविक स्थिति की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था करने तथा खराब स्ट्रीट लाइट को तत्काल ठीक करवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी-जी राम-जी की प्रगति की जिला कलेक्टर स्वयं समीक्षा करें।

### पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लक्ष्यों को शीघ्र करें प्राप्त

मुख्यमंत्री ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत करीब तीन लाख प्लांट लगाए जा चुके हैं। शेष प्लांट भी मार्च 2027 तक लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए। इससे प्रदेश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ते हुए देश में सिरमौर बनेगा। उन्होंने मुख्य सचिव को योजनांतर्गत बैंक ऋण सुविधा को अधिक सुचारू बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने रींगस-सीकर रेल मार्ग के दोहरीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रदेश में प्रगतिरत 60 स्टेशनों के कार्यों की भी समीक्षा की।

### जयपुर में ईएसआई मेडिकल कॉलेज के लिए करें उपयुक्त जमीन का चयन

उन्होंने जयपुर में प्रस्तावित ईएसआई मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि कॉलेज निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि का शीघ्र चयन कर इसका कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी शुरू होना राजस्थान की प्रगति के लिए मील का पत्थर है। रिफाइनरी के साथ-साथ अब यहां इससे जुड़े अन्य उद्योग भी तेजी से विकसित होंगे। इससे क्षेत्र में यातायात बढ़ेगा।

**नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान की केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री द्वारा सराहना**

# जनभागीदारी को बताया राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



जयपुर। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत समाज को नशे की गिरफ्त से मुक्त कराने के उद्देश्य से श्रीगंगानगर के जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान "ऑपरेशन सीमा संकल्प" की केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सराहना की। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान "ऑपरेशन सीमा " के सह-प्रभारी विक्रम ज्याणी व श्री गंगानगर जिले की नशा मुक्त अभियान की ब्रांड एंबेसडर लक्ष्या ज्याणी को उनके द्वारा जागरूकता के लिए किए गए 860 नाटकों के लिए सम्मानित करते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है।

उन्होंने कहा कि श्रीगंगानगर जिले में जनसहभागिता से चलाया जा रहा यह अभियान युवाओं को नई दिशा देने और स्वस्थ, सुरक्षित एवं संस्कारित समाज के निर्माण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने अभियान से जुड़े सभी सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों, प्रशासन, पुलिस, शिक्षकों, चिकित्सकों और जागरूक नागरिकों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब समाज स्वयं बदलाव का संकल्प लेता है, तब सकारात्मक परिवर्तन निश्चित रूप से दिखाई देता है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री ने जिलेवासियों से आह्वान किया कि नशा मुक्त श्रीगंगानगर का सपना तभी साकार होगा, जब प्रत्येक नागरिक इसे अपना व्यक्तिगत दायित्व समझे।

# मंगलम विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हृदय रोग जागरूकता शिविर आयोजित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

जयपुर। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के आयुर योग एवं प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी विभाग द्वारा आज मंगलम विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जयपुर में हृदय रोग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 विद्यार्थियों ने लाभ प्राप्त किया।

शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को हृदय रोगों से बचाव, स्वस्थ जीवनशैली तथा आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में विभाग के वरिष्ठ परामर्शदाता प्रो. डॉ. राम किशोर जोशी ने हृदय रोगों के कारण, लक्षण, बचाव एवं स्वस्थ दिनचर्या पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने संतुलित आहार एवं तनावमुक्त जीवनशैली को हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीप्ति बिष्ट ने सीपीआर का महत्व समझाते हुए डमी पर इसका लाइव प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने सीपीआर की प्रक्रिया को समझा एवं उसका अभ्यास किया।

# यूईएम द्वारा तकनीकी बोनांजा आयोजित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



जयपुर। यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (UEM), जयपुर/कोलकाता द्वारा यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर स्थित कैंपस में जिले के शीर्ष विद्यालयों के बीच सबसे बड़ी अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता - CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) का आयोजन किया गया।

अंतर-विद्यालयीयतकनीकी प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर के वाईस चांसलर प्रो डॉ बिस्वजॉय चटर्जी, रजिस्ट्रार डॉ प्रदीप कुमार शर्मा, एसोसिएट डीन- डॉ मुकेश यादव, कृशानु बनर्जी, सुमन चक्रबर्ती आदि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता -CON-NECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) में श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, G S S S, चोमू, PM श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चोमू, सेंट एंसलेम्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राघव वर्ल्ड स्कूल, श्री प्रताप इंटरनेशनल स्कूल, टाइनी टॉट्स कॉन्वेंट स्कूल, सेंट लॉरेंस पब्लिक स्कूल, जैतापुरा, क्यूरियस किड्स एकेडमी आदि सहित जयपुर ग्रामीण के अधिकतम टॉप स्कूलों से विज्ञान के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर/ कोलकाता द्वारा "चैतन्य टेक्नो" को अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता- CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर चैंपियन स्कूल व "सेंट एंसलेम्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल" चौमू को उपविजेता स्कूल वर्ष 2026 का ख़िताब देकर पुरस्कृत किया गया। प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर/कोलकाता की और से नकद पुरस्कार के साथ साथ योग्यता प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले अन्य छात्रों को भागीदारी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्विद्यालय के रविंद्र मांजू, ऋद्धय बनर्जी, शुभदीप घोष, पिनाकी करमाकर के अलावा एडमिशन विभाग के आशुतोष गौतम, महेश चौधरी, बाबूलाल शर्मा शामिल हुए साथ ही कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथिओं का यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 13/03/2024**

**सूर्योदय :** 06:04 **सूर्यास्त :** 18:56 **चन्द्रोदय :** 12:15 **चन्द्रास्त:** 22:57 **शक सम्वत :** 1948 पराभव **विक्रम संवत् :** 2083 सिद्धार्थी **अमान्त महीना :** श्रावण **पूर्णिमांत :** श्रावण **सूर्य राशि :** सिंह **चन्द्र राशि :** तुला **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** सप्तमी, 19:22 तक **वार :** बुधवार **द्रिक ऋतु :** वर्षा **द्रिक-वैदिक अयन :** दक्षिणायन **कलियुग :** 5127 वर्ष।

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** स्वाति, 06:41 तक **प्रथम करण :** गारा, 06:31 तक
**योग :** ब्रह्मा, 27:35 तक **द्वितीय करण :** वणिजा, 19:22 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:25 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:47 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:35 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:57 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:57 पी एम से |
| अमृत काल | 11:28 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:3 ए एम, अगस्त 20 से |
| रवि योग | 05:52 ए एम से |

**निवास और शूल**
दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : बुध - शुक्र
कुंभ चक्र: दक्षिण

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 06:03 - 07:39 | उद्वेग : 18:55 - 20:19 |
| अमृत | : 07:39 - 09:16 | शुभ : 20:19 - 21:42 |
| काल काल वेला | : 09:16 - 10:52 | अमृत : 21:42 - 23:06 |
| शुभ | : 10:52 - 12:29 | चर : 23:06 - 00:29 |
| रोग वार वेला | : 12:29 - 14:06 | रोग : 00:29 - 01:53 |
| उद्वेग | : 14:06 - 15:42 | काल : 01:53 - 03:16 |
| चर | : 15:42 - 17:19 | लाभ : 03:16 - 04:40 |
| लाभ | : 17:19 - 18:55 | उद्वेग : 04:40 - 06:03 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज सप्तमी

### आज कौन सा कार्य करें

सप्तमी : राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

श्रावण, शुक्ल, सप्तमी, 2083 बुधवार, 19 अगस्त - 25 अगस्त, 2026

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
व्यापार में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशन्सा होगी। मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा। जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ङ,छ,के,को,ह]
विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम सम्बन्धों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

# 54 कार्मिकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला कलक्टर ने किया सम्मानित

### संभागीय आयुक्त वे सरवन कुमार ने किया संभागीय आयुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर में स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, उमंग और उल्लास से मनाया गया। शनिवार को संभागीय आयुक्त जयपुर वे सरवण कुमार ने संभागीय आयुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने सलामी गार्ड का निरीक्षण किया।

वहीं जयपुर जिला कलक्ट्रेट परिसर में जिला कलक्टर संदेश नायक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पुलिस की सलामी टुकड़ी ने कलक्टर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिला कलक्टर ने समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 54 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में रामफूल जाट, रविन्द्र कुमार, जितेन्द्र कसाना, हितेश कुमार महरिया, सरोज मीना, अजेन्द्र सिंह खंगारोत, बंटी गुप्ता, राजेश कुमार पारीक, चेतन अग्रवाल, कैलाश चन्द पालीवाल, चक्रपाल सिंह, जितेन्द्र कुमार पटेल, रेणुका बिनवानी, अमित कुमार, केशव कौशिक, रामपाल, मनीष सोंगरवाल, संदीप कुमार शर्मा, महेन्द्र कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, सचिन शर्मा, अर्जुन लाल शर्मा, अनीता गुप्ता, कविता चंचलानी, मनोज कुमार यादव, विनय दुआ, दिनेश खण्डेलवाल, राजेन्द्र खोलिया, देवेन्द्र बसवाल, विरेन्द्र जांगिड़, गोविन्द शरण शर्मा, दिनेश कुमार मीणा, सुभाष पारीक, धर्मेन्द्र गोयल, नीरज उडेनिया, चन्द्रप्रकाश मीणा, अस्मिता बोहरा, प्रेम देवी, सोहनलाल सैनी, शालिनी चौधरी, आशीष कुमार मीणा, कालूराम मीणा, बीरबल गुर्जर, आस्था चंदेलिया, शौर्य यादव, छगनलाल यादव, अजय शर्मा, गोविन्द कुमार शर्मा, विनिता कुमावत, चन्द्रप्रकाश शर्मा, राजेश कुमार, जितेन्द्र सैनी एवं बाबूलाल गुर्जर, मनीराम शामिल हैं। जिला कलक्टर ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर जिला परिषद् की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त दीप्ति कछवाहा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) राजीव द्विवेदी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) युगान्तर शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) राजेंद्र सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) मेघराज मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर पूर्व नरेंद्र कुमार वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय देवयानी, उपखण्ड अधिकारी जयपुर खुशबू शर्मा सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# गॉडशिप एकेडमी में उत्साह से मनाया स्वतंत्रता दिवस





जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गॉडशिप एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. संगीता भौवाल, गॉडशिप फिलैंथ्रोपिक एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन देव नंदन, उपाध्यक्ष मनोज अड़सेला, संयुक्त सचिव जागृति अड़सेला तथा लायंस क्लब हवा महल, जयपुर के अध्यक्ष लायन प्रकाश रावत एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय की ओर से लायंस क्लब हवा महल के सभी गणमान्य सदस्यों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में क्लब अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की कन्वेनर लायन सीमा जैन ने विद्यालय की प्रधानाचार्या, सोसायटी के चेयरमैन, उपाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर चेयरमैन देव नंदन ने अपने विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका समझने तथा देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

प्रधानाचार्य डॉ. भौवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति गौरव, एकता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।

1061 नवचयनित कार्मिकों को सौंपे नियुक्ति-पत्र

# अटल गौरव स्मृति समारोह एवं रोजगार उत्सव में 22,200 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) में आयोजित अटल गौरव स्मृति समारोह तथा अलवर में आयोजित रोजगार उत्सव का जिले में सियाम दुर्गापुर स्थित सभागार सहित विभिन्न स्थानों पर लाइव प्रसारण किया गया। जिलेभर में आयोजित अटल गौरव स्मृति एवं रोजगार उत्सव कार्यक्रमों में 22,200 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

नवनियुक्त कार्मिकों को संबोधित करते हुए हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि सरकारी सेवा आमजन की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों को अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ निर्वहन करते हुए आमजन के जीवन को बेहतर और खुशहाल बनाने के लिए एक सच्चे लोक सेवक के रूप में कार्य करने का आह्वान किया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में जिला कलक्टर संदेश नायक, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम राजीव द्विवेदी, अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तर राजेंद्र सिंह, उपखंड अधिकारी जयपुर खुशबू शर्मा, संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बुद्धि प्रकाश चंदेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत, माध्यमिक जिला शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंघल, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नवनियुक्त कार्मिक उपस्थित थे।

### असामाजिक तत्वों से सतर्क एवं संगठित रहने की ग्रहण की शपथ



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजकीय आयुर्वेद औषधालय मुरलीपुरा जयपुर पर 80 वॉ स्वतंत्रता दिवस पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. महेश वशिष्ठ,डॉ. मुकुल शर्मा लोकचंद हरिरामानी मेहरदास ट्रस्ट अध्यक्ष, नगेन्द्र वशिष्ठ समाजसेवी,ने झंडारोहन कर राष्ट्रगीत के उपरान्त वशिष्ठ ने कहां की देश जिन परिस्तिथियो मे दो बार परतंत्रता का दंश सह चूका है, आज कुछ देश हमारी आर्थिक एवं रक्षा प्रबंधन विकास दर से भयभीत हो राष्ट्र मे आंतरिक अस्थिरता पैदा कर विकास मे रुकावट पैदा करने की कुचेष्टा कर रहे है। हमें सतर्कता के साथ राष्ट्र प्रेम व संगठित रहने की सब को शपथ दिलाई। कार्यक्रम मे उपस्तिथ स्टॉफ एवं आमंत्रित छेत्र के वरिष्ठ जनों का मोदक से मुँह मीठा कराया।

राजस्थान पुलिस की एडवाइजरी:सीबीआई के अभय पोर्टल से करें संदिग्ध नोटिस और वारंट का सत्यापन

# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर साइबर ठगी से रहें सतर्क

### पुलिस, सीबीआई या कोई भी जांच एजेंसी वीडियो कॉल पर कभी गिरफ्तारी नहीं करती

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर बढ़ रहे साइबर अपराधों को देखते हुए आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी फर्जी कॉल, वीडियो कॉल, नोटिस या गिरफ्तारी के नाम पर डरने के बजाय सतर्कता बरतें और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम श्री वीके सिंह ने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा इन दिनों खुद को सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय, कस्टम या एटीएस का अधिकारी बताकर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। ठग फर्जी वारंट, समन और नोटिस भेजकर लोगों को डराते हैं तथा वीडियो कॉल के माध्यम से उन्हें डिजिटल अरेस्ट का एहसास कराकर उनकी जमा पूंजी हड़प लेते हैं। एडीजी सिंह ने बताया कि इस प्रकार की धोखाधड़ी से बचाव के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने अभय नामक एक एआई आधारित पोर्टल शुरू किया है, जहां नागरिक संदिग्ध पुलिस, न्यायालय या सीबीआई के नाम से भेजे गए नोटिस और वारंट की सत्यता की जांच कर सकते हैं।

### ऐसे जाल में फंसाते हैं साइबर ठग

**साइबर** अपराधी फोन, व्हाट्सएप या वीडियो कॉल के माध्यम से लोगों से संपर्क करते हैं। वे दावा करते हैं कि पीड़ित के आधार कार्ड, बैंक खाते या मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किसी अवैध गतिविधि, जैसे मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला, मादक पदार्थों की तस्करी या किसी गैरकानूनी पार्सल भेजने में किया गया है। इसके बाद ठग पुलिस स्टेशन या सीबीआई कार्यालय जैसा माहौल तैयार कर वीडियो कॉल करते हैं। वे फर्जी गिरफ्तारी वारंट और नोटिस भेजकर पीड़ित को धमकाते हैं तथा मामले को गोपनीय रखने का दबाव बनाते हैं। साइबर अपराधी लोगों से बैंक खाते, एफडी और अन्य वित्तीय जानकारी प्राप्त कर उन्हें बताते हैं कि उनकी राशि अपराध से जुड़ी हो सकती है। इसके बाद सत्यापन के नाम पर पूरी धनराशि अपने खातों में ट्रांसफर करवा लेते हैं।

## उत्साह से मनाया आदर्श विद्या मंदिर में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस




जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उच्च माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मंदिर, अम्बाबाड़ी के प्रांगण में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि कमांडर प्रियंका चौधरी एवं मुख्य वक्ता प्रशांत कुमार ने झंडारोहण किया एवं इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा व्यवस्थापिका विभा संघी व विद्यालय की प्राचार्या अलका जैन एवं स्थानीय समिति के माननीय सदस्य उपस्थित रहे। झंडे को विद्यालय द्वारा चयनित टीम द्वारा सलामी दी गई। वंदना सभा में दीप प्रज्वलन एवं वंदना के सुंदर कार्यक्रम के पश्चात गणमान्य अतिथियों का परिचय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या नीतू गुप्ता ने करवाया तत्पश्चात विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम विद्यालय छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रशांत कुमार एवं मुख्य अतिथि कमांडर प्रियंका चौधरी जी का उद्बोधन रहा। आपने देश के ऊपर बलिदानी वीरों को सच्चे अर्थों में तभी याद करने की प्रेरणा दी जब हम अपने मन वचन कर्मों से अपनाते हुए देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा लें। प्रशांत ने कहा कि विद्या भारती देश के लिए अच्छे नागरिक तैयार करता है। अंत में स्थानीय समिति के उपाध्यक्ष गिरधारी लाल बड़गोती द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों का एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया ।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने किया ध्वजारोहण, देशहित का लिया संकल्प



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ओर से 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर तिरंगा ध्वजारोहण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। राष्ट्रध्वज के सम्मान और हरित भारत के संकल्प के साथ सभी ने देशहित में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इस शुभ अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की राष्ट्रीय संयोजिका रेशमा हुसैन, मंच पर्यावरण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक मुनव्वर चौधरी, राष्ट्रीय सह-संयोजिका सरोज खान, पर्यावरण राजस्थान के प्रदेश संयोजक समीर मलिक, पर्यावरण राजस्थान की प्रभारी एवं महिला प्रकोष्ठ की आसेफा अली नक़वी, जयपुर संभाग संयोजक आफताब हिंदुस्तानी, जयपुर जिला सह-संयोजक नईम खान, प्रदेश सदस्य डॉ. निखत चौधरी, फरमान कुरैशी, आबिद हुसैन, उस्मान मंसूरी, अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता जफर मिर्जा, मोर्चा से इमरान कुरैशी, अनवर खान, मातिम खान, परसुराम सैनी सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## स्टारसिटी में मनाया स्वतंत्रता दिवस



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कालवाड़ रोड, हाथोज स्थित स्टार सिटी में स्टार सिटी वेलफोयर सोसायटी के तत्वावधान में 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर तिरंगा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर राष्ट्रध्वज के सम्मान और हरित भारत के संकल्प के साथ सभी ने देशहित में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। रंगोली से ध्वज प्रांगण को सजाया गया। इस दौरान बच्चों-महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए। इस मौके पर सोसायटी के अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोसायटी में सभी उत्सवों के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस उत्साह से मनाया गया है। सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर पुनीत खण्डेलवाल, उपेन्द्र सिंह शेखावत, ताराचंद टांक, गौतम शर्मा, चेतेन्द्र मिश्रा, अरविंद मोदी, अनुराग एवं सोसायटी के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पेंशनर्स समाज मुरलीपुरा ने उत्साह-उमंग से मनाया स्वाधीनता दिवस



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा मुरलीपुरा द्वारा दिनांक 15 अगस्त 2026 को भारत के 80वां स्वाधीनता दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसमें सुरेश चंद्र चौधरी, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री ओम प्रकाश शर्मा राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा मुरलीपुरा के अध्यक्ष मदन लाल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा,अशोक शर्मा,मीडिया प्रभारी नगेन्द्र वशिष्ठ, मेहर दास ट्रस्ट के अध्यक्ष लोकचंद हरीरामानी, सलाहकार पेंशन समाज मुरलीपुरा, मनोहर लाल शर्मा, बी एम बुनकर,पीएम सोलंकी,दशरथ शर्मा, मूलचंद टेलर, हरिमोहन शुक्ला, हर्ष नारायण शर्मा,उमेश शर्मा,सहित सैकड़ो पेंशनर मौजूद रहे एवं पेंशन समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा का 63 वा जन्मदिवस भी धूमधाम से मनाया गया।

## धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** वैशाली नगर पश्चिम स्थित माँ संगीत संस्थान में बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ, जो संगीतज्ञ श्री आर. डी. गौड़ द्वारा किया गया। इसके पश्चात संस्थान के लगभग 40 बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के अंत में पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन पंडित श्याम प्रसाद गुरूजी द्वारा किया गया। समस्त कार्यक्रम देशभक्ति एवं उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ।

### जयपुर में आज से ब्रिक्स पर्यटन मंत्रियों की बैठक

# वैश्विक साझेदारी और निवेश के खुलेंगे नए रास्ते

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में 19 से 22 अगस्त तक ब्रिक्स पर्यटन कार्य समूह की बैठक और पर्यटन मंत्रियों की बैठक का आयोजन होने जा रहा है। ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में होने वाली इन बैठकों को राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र के लिए वैश्विक मंच पर अपनी विरासत, संस्कृति, वन्यजीव, रेगिस्तान और आतिथ्य को प्रदर्शित करने के बड़े अवसर के तौर पर देखा जा रहा है। जयपुर में होने वाली ब्रिक्स पर्यटन कार्य समूह की बैठक और पर्यटन मंत्रियों की बैठक राजस्थान के लिए केवल एक अंतरराष्ट्रीय बैठक नहीं, बल्कि राज्य के पर्यटन क्षेत्र को वैश्विक साझेदारी, निवेश और नए बाजारों से जोड़ने का अहम मौका है। जिसके बाद राजस्थान की विरासत, वन्यजीव, रेगिस्तान और विलासिता पर्यटन को ब्रिक्स देशों के बाजारों में नई पहचान मिल सकती है।

19 और 20 अगस्त को ब्रिक्स पर्यटन कार्य समूह की बैठक होगी, जबकि 21 और 22 अगस्त को ब्रिक्स पर्यटन मंत्रियों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों में ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधि पर्यटन क्षेत्र की मौजूदा चुनौतियों, नई संभावनाओं और भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श करेंगे। बैठकों का प्रमुख फोकस कृत्रिम बुद्धिमत्ता और पर्यटन, टिकाऊ एवं जिम्मेदार पर्यटन, पर्यटन क्षेत्र में कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण और पर्यटन आदान-प्रदान और सुगम यात्रा सुविधा जैसे विषयों पर रहेगा।

BRICS INDIA 2026

#### आपसी सहयोग और साझेदारी मजबूत करने पर जोर

**ब्रिक्स** पर्यटन बैठकों के जरिए सदस्य देश पर्यटन क्षेत्र में आपसी सहयोग और साझेदारी को मजबूत करने पर जोर देंगे। तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के बीच पर्यटन क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका, पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल सुविधाएं और पर्यटन सेवाओं को अधिक सुगम बनाने के उपायों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही टिकाऊ और जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने, पर्यटन क्षेत्र से जुड़े युवाओं को प्रशिक्षित करने और देशों के बीच पर्यटकों की आवाजाही को आसान बनाने पर भी मंथन होगा। जयपुर में होने वाली इन बैठकों से राजस्थान को अपनी पर्यटन क्षमता को अंतरराष्ट्रीय बाजार के सामने पेश करने का महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत, किले और महल, लोक संस्कृति, रेगिस्तानी पर्यटन, वन्यजीव, धार्मिक स्थल और विलासिता पर्यटन इसके प्रमुख आकर्षण हैं। ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों के सामने इन पर्यटन उत्पादों की प्रस्तुति से राज्य के लिए नए पर्यटक बाजार और निवेश के अवसर खुलने की संभावना है।

#### केंद्र और राज्य सरकार भी इस दिशा में अलर्ट

**मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने पर जोर दे रही है। वहीं उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के स्तर पर पर्यटन उद्योग और निजी क्षेत्र की व्यापक भागीदारी के जरिए राजस्थान को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत तरीके से स्थापित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। ब्रिक्स बैठकों के दौरान राजस्थान के पर्यटन मॉडल और राज्य की पर्यटन क्षमता को अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के सामने प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

#### राजस्थान के पर्यटन स्थलों का होगा प्रचार

**ब्रिक्स** देशों के साथ समान पर्यटन स्थलों के बीच साझेदारी कार्यक्रम की संभावित शुरुआत भी राजस्थान के लिए महत्वपूर्ण पहल हो सकती है। इसके तहत राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों को ब्रिक्स देशों के समान या पूरक पर्यटन स्थलों के साथ जोड़ा जा सकता है। इससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान, संयुक्त प्रचार अभियान और पर्यटकों की आवाजाही को बढ़ावा देने की संभावनाएं बनेंगी। राजस्थान अपने विरासत पर्यटन को भी ब्रिक्स सहयोग का प्रमुख हिस्सा बनाने की कोशिश कर सकता है। विरासत संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग के लिए ब्रिक्स विरासत शहर नेटवर्क जैसी अवधारणा पर काम किया जा सकता है। इसके जरिए ऐतिहासिक शहरों के संरक्षण, पर्यटन प्रबंधन, डिजिटल विरासत और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए सदस्य देशों के बीच साझा मंच विकसित करने की दिशा में पहल संभव है।

---

### तीन दिवसीय कार्यशालाः दुर्गापुरा में देश-विदेश के वैज्ञानिक एक मंच पर जुटे

## देश-विदेश के वैज्ञानिकों ने किया गेहूं-जौ अनुसंधान पर महामंथन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर की अधीनस्थ इकाई राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में गेहूं एवं जौ अनुसंधान से संबंधित तीन दिवसीय राष्ट्रीय वैज्ञानिक कार्यशाला के प्रथम दिन देश-विदेश के कृषि विश्वविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों तथा गेहूं एवं जौ अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक, विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता एक मंच पर जुटे।

प्रथम दिन के वैज्ञानिक सत्रों में जोनल कोऑर्डिनेटर एवं अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के विभिन्न केंद्रों की प्रस्तुतियां हुईं। इनमें चल रहे अनुसंधान, फसल सुधार, क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान तथा वर्ष 2026-27 की अनुसंधान कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

फसल सुधार सत्र में गेहूं एवं जौ की उन्नत एवं जलवायु अनुकूल किस्मों, रोग एवं कीट प्रतिरोधकता तथा अधिक उत्पादन क्षमता पर वैज्ञानिकों ने विचार साझा किए। संसाधन प्रबंधन सत्र में जल, मृदा एवं पोषक तत्वों के दक्ष उपयोग तथा फसल सुरक्षा सत्र में रोग-कीटों के समेकित प्रबंधन पर चर्चा हुई। वैज्ञानिकों ने बदलते जलवायु परिदृश्य में टिकाऊ एवं अधिक उत्पादन देने वाली तकनीकों के विकास पर जोर दिया। जौ फसल सुधार सत्र में जौ की उत्पादकता, गुणवत्ता एवं विभिन्न उपयोगों के अनुरूप उन्नत किस्मों के विकास पर विचार-विमर्श किया गया। गेहूं न्यूट्रिएंट यूज़ एफिशिएंसी सत्र में नाइट्रोजन एवं अन्य पोषक तत्वों के कुशल उपयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन तथा कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की तकनीकों पर मंथन हुआ। कार्यशाला के दौरान वैरायटी आइडेंटिफिकेशन कमेटी की बैठक भी आयोजित की गई। इसमें विभिन्न उन्नत किस्मों की उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता, रोग प्रतिरोधकता एवं क्षेत्रीय अनुकूलता के आधार पर वैज्ञानिक मूल्यांकन किया गया।

देशभर से आए वैज्ञानिकों ने अपने अनुसंधान अनुभव साझा किए तथा गेहूं एवं जौ की उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवीन अनुसंधान एवं तकनीकी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। वैज्ञानिकों ने संस्थानों के बीच तकनीकी सहयोग, ज्ञान के आदान-प्रदान तथा संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के निदेशक डॉ. रतन तिवारी ने कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में कम जल एवं कम पोषक तत्वों में अधिक उत्पादन देने वाली किस्मों का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में देश में रिकॉर्ड 120 मिलियन टन गेहूं उत्पादन हुआ, जो भारतीय कृषि अनुसंधान की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

---

## जयपुर में 20 देशों की सुंदरियों के बीच होगा 'ताज' मुकाबला

### 23 अगस्त को होगा Miss Ocean World ग्रैंड फिनाले

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गुलाबी नगरी जयपुर में 20 देशों की सुंदरियों के बीच 'ताज' के लिए मुकाबला होगा। 'मिस ओशियन वर्ल्ड 2026' का फिनाले वीक जयपुर में हो रहा है। शहर के मानसरोवर स्थित अनंत महल में वेलकम सेरेमनी के साथ फिनाले वीक की शुरुआत हुई। अब 23 अगस्त को इसी जगह प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले होगा। आयोजकों ने प्रतियोगिता को जयपुर की कला, संस्कृति और विरासत से जोड़ने की भी कोशिश की है। यानी दुनिया के अलग-अलग देशों से आई प्रतिभागी अगले कुछ दिनों में जयपुर को सिर्फ देखेंगी नहीं, बल्कि यहां की संस्कृति और परंपराओं को करीब से महसूस भी करेंगी। 'मिस ओशियन वर्ल्ड 2026' के फिनाले वीक के पहले दिन आयोजित वेलकम सेरेमनी में प्रतिभागियों ने अपने अराइवल लुक से अंदाज और व्यक्तित्व की झलक दिखाई। यूके, जापान, साउथ सूडान, युगांडा, इंडोनेशिया, रूस, जिम्बाब्वे, भारत, बांग्लादेश, केन्या, कैमरून और हांगकांग समेत 20 देशों की प्रतिभागियां इस प्रतियोगिता का हिस्सा हैं।



#### किसी के सीने पर यूके तो किसी पर जापान का सैश

वहीं आगे होने वाली सैश सेरेमनी में सभी प्रतिभागियों को उनके देश के नाम वाला सैश पहनाया जाएगा। इसके बाद फोटोजेनिक राउंड होगा, जहां कैमरे के सामने प्रतिभागियों की पर्सनैलिटी, कॉन्फिडेंस और एक्सप्रेशन परखे जाएंगे। सैश सेरेमनी के बाद सभी प्रतिभागियों को जयपुर की सैर कराई जाएगी। वे शहर के प्रमुख मॉन्यूमेंट्स और हेरिटेज साइट्स देखेंगी और यहां की कला-संस्कृति को समझेंगी। कूकस स्थित हेरिटेज रेस्टोरेंट में उन्हें राजस्थानी खान-पान और पारंपरिक स्वाद का भी अनुभव कराया जाएगा।

#### 2023 की विजेता भी पहुंचीं जयपुर

फिनाले वीक में मिस ओशियन वर्ल्ड 2023 की विजेता लौरा हडसन भी मौजूद रहेंगी। यूके की लौरा हडसन नई विजेता को क्राउन सौंपने के लिए जयपुर पहुंची हैं। 23 अगस्त को होने वाली क्राउन पासिंग सेरेमनी फिनाले का खास आकर्षण रहेगी।

---

## 5 साल तक बढ़वाई जा सकेगी EV, हाइड्रोजन और CNG कमर्शियल वाहनों की उम्र

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सरकार ने नेशनल परमिट सिस्टम के तहत आने वाले बैटरी से चलने वाले, हाइड्रोजन फ्यूल वाले और नैचुरल गैस से चलने वाले कमर्शियल वाहनों की उम्र पांच साल बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। मिनिस्ट्री ऑफ़ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवेज़ (MoRTH) के हाल ही में जारी एक नोटिफिकेशन के मुताबिक, यह प्रस्ताव नेशनल परमिट प्रोसेस को आसान बनाने और डिजिटल प्रोसेस का इस्तेमाल बढ़ाने के लिए एक ड्राफ़्ट अमेंडमेंट का हिस्सा है।

प्रस्तावित बदलावों के तहत, नेशनल परमिट सिस्टम के तहत आने वाली गाड़ियों के लिए मौजूदा उम्र सीमा 12 साल और 15 साल को बैटरी, हाइड्रोजन और नैचुरल गैस गाड़ियों के लिए क्रमशः 17 साल और 20 साल तक बढ़ाया जाएगा। हालांकि, प्रस्तावित बढ़ोतरी सभी कमर्शियल गाड़ियों पर लागू नहीं होगी और सिर्फ़ गाड़ियों तक ही सीमित रहेगी। यह फ़ैसला साफ़ कमर्शियल ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने की कोशिशों के बीच आया है।

सरकार ने नेशनल परमिट होल्डर्स को हर साल रिन्यू कराने के बजाय पांच साल तक के लिए ऑथराइज़ेशन लेने की इजाज़त देने का भी प्रस्ताव दिया है। इसकी फीस 16,500 रुपये प्रति साल रहेगी, जिससे पांच साल के ऑथराइज़ेशन की फीस 82,500 रुपये हो जाएगी। इसके अलावा, पेपरवर्क कम करने के लिए VAHAN डेटाबेस का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। ड्राफ़्ट में टेम्पररी रजिस्ट्रेशन नियमों में बदलाव का भी प्रस्ताव दिया गया है। बिना बॉडी वाले चेसिस को जारी होने की तारीख से छह महीने के लिए वैलिड टेम्पररी रजिस्ट्रेशन मिलेगा।

अगर चेसिस बॉडी फिटिंग के लिए या मालिक के कंट्रोल से बाहर की अचानक हुई किसी वजह से छह महीने से ज़्यादा वर्कशॉप में रहती है, तो रजिस्टरिंग अथॉरिटी अप्लाई करने और तय फीस देने पर वैलिडिटी को एक बार में 30 दिन तक बढ़ा सकती है। पूरी तरह से बनी गाड़ियों को अडैप्टेड गाड़ियों में बदलने या डीलर के राज्य से अलग किसी दूसरे राज्य में रजिस्टर करने पर, टेम्पररी रजिस्ट्रेशन 45 दिनों के लिए वैलिड होगा। इसके अलावा, प्रस्तावित बदलावों में गाड़ी के रजिस्ट्रेशन और परमिट फ़ॉर्म में और जानकारी भी मांगी गई है। मिनिस्ट्री ने प्रस्तावित बदलावों पर नोटिफिकेशन जारी होने की तारीख से 30 दिनों के अंदर आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं।

---

## कोटा से दिल्ली, जबलपुर और मथुरा के लिए चलेंगी रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेनें

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**कोटा।** राखी के अवसर पर ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ देखने को मिल सकती है। अभी से ट्रेनों में नो रूम और लंबी वेटिंग सामने आ रही है। इसी से निजात दिलाने के लिए कोटा रेल मंडल ने 6 रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेनों की घोषणा कर दी है। ये ट्रेनें कोटा से दिल्ली, जबलपुर और मथुरा के बीच में संचालित की जाएगी। इसमें करीब एक दर्जन से ज्यादा बड़े स्टेशनों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ रही है।

कोटा रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि कोटा से दिल्ली के बीच चलने वाली ट्रेनों में काफी भीड़ रहती है। इसी को देखते हुए कोटा से हजरत निजामुद्दीन के बीच रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन आने व जाने के लिए चलाई जा रही है। इसी तरह से सोगरिया से जबलपुर और मथुरा के बीच भी रक्षाबंधन स्पेशल आने और जाने के लिए चलाई है। इनमें कोटा हजरत निजामुद्दीन और सोगरिया जबलपुर ट्रेन में रिजर्वेशन कोच भी लगाए गए हैं। जिनके लिए रिजर्वेशन भी जल्द शुरू होगा, जबकि सोगरिया से मथुरा के बीच चल रही ट्रेन पूरी तरह से अनरिजर्व्ड ट्रेन है।

---

## उमंग से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जांगिड़ विकास समिति कार्यालय पर 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कैलाश जांगिड़, भवानी सिंह राठौड़, शशि हरिरामानी,लोकचंद हरिरामानी मेहरदास ट्रस्ट अध्यक्ष, नगेन्द्र वशिष्ठ समाजसेवी, एवं क्षेत्र के वरिष्ठ प्रबुद्ध जन उपस्थित थे। इस मौके पर झंडारोहण कर राष्ट्रगीत के उपरान्त वशिष्ठ ने कहां की देश जिन परिस्तिथियो मे दो बार परतंत्रता का दंश सह चुका है, आज कुछ देश हमारी आर्थिक एवं रक्षा प्रबंधन विकास दर से भयभीत हो राष्ट्र मे आंतरिक अस्थिरता पैदा कर विकास मे रुकावट पैदा करने की कुचेष्टा कर रहे है। उन्होंने कहां आज हमें विध्वंसकारी तत्वों से सावधान रहते हुए संगठित रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सतर्कता के साथ राष्ट्र प्रेम व संगठित रहने की सब को शपथ दिलाई। कार्यॾ म मे उपस्तिथ स्टॉफ एवं आमंत्रित छेत्र के वरिष्ठ जनों का मोदक से मुँह मीठा कराया।

---

### नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयुर्वेद विवि में राष्ट्रीय शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

## नशामुक्त भारत के संकल्प को छात्र-छात्राओं ने किया मजबूत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार नशामुक्त भारत अभियान (NMBA) के अंतर्गत "National Pledge Against Drug Abuse" के अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के परिसर में राष्ट्रीय शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर वैद्य गोविंद सहाय शुक्ल के मार्गदर्शन में तथा नशा मुक्त भारत अभियान की राज्य समन्वयक एवं नशामुक्ति इकाई की प्रभारी प्रो. रितु कपूर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के बी.ए.एम.एस., एम.डी., बी.एच.एम.एस., बी.एन.वाई.एस. एवं बी.एससी. नर्सिंग के विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों तथा अन्य उपस्थितजनों ने उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय रूप से सहभागिता की। इसी क्रम में विश्वविद्यालय से संबद्ध पाँच सैटेलाइट केन्द्रों पर संचालित नशामुक्ति इकाइयों में भी "National Pledge Against Drug Abuse" कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके माध्यम से नशामुक्ति का संदेश विश्वविद्यालय परिसर से बाहर विभिन्न समुदायों एवं युवाओं तक पहुँचाया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक संकाय के साथ 500 से अधिक विश्वविद्यालय के छात्र / छात्राओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता की, बड़ी संख्या में युवाओं एवं विद्यार्थियों की सहभागिता ने नशामुक्त भारत के संकल्प को अधिक मजबूत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं उपस्थित प्रतिभागियों ने नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने, नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि में संलिप्त न होने तथा नशे की समस्या से प्रभावित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता के लिए आगे आने की शपथ ली। प्रतिभागियों ने नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अवसर पर कुलगुरु प्रोफेसर वैद्य गोविंद सहाय शुक्ल ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए तीन-चरणीय दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को सबसे पहले स्वयं नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए।

---

### नई वैरायटी और एक्सोर्टकी संभावनाओं पर होगा कार्य

## श्री गंगानगर के किन्नू को मिलेगी नयी पहचान, बनेगा देश का पहला 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस'

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर के किन्नू को अब देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी नई पहचान दिलाने की तैयारी है। राजस्थान सरकार ने इसके लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करने का फैसला लिया है। नए सेंटर के जरिए वैज्ञानिकों के साथ मिलकर किन्नू की बागवानी को आगे बढ़ाने, नई वैरायटी तैयार करने और एक्सपोर्ट की संभावनाओं पर काम किया जाएगा। ऐसे पौधे तैयार करने की कोशिश होगी, जिन्हें किसानों को उपलब्ध कराया जा सके और फल प्राप्त करने के लिए चार साल तक इंतजार न करना पड़े।



#### सेंटर में आधुनिक तकनीक को ट्रेनिंग भी मिलेगी

**सेंटर** ऑफ एक्सीलेंस में किन्नू की क्वालिटी और क्वांटिटी बढ़ाने के लिए रिसर्च के साथ किसानों को आधुनिक तकनीक की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। डॉ. एमएम सक्सेना ने बताया कि किन्नू देश में अपनी पहचान रखता है। ऐसे में किसानों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार का रास्ता भी खुलने की संभावना है। वहीं, वैज्ञानिक रिसर्च के जरिए उत्पादन बढ़ाने के साथ कृषि विद्यार्थियों के लिए भी यह सेंटर अहम रहेगा।

#### किसानों को अब तक नहीं मिल पाई कीमत

**इस** सेंटर का जिम्मा टांटिया ग्रुप को सौंपा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल तौर पर शिलान्यास किया। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय कृषि योजना के तहत यह सेंटर अनुदानित होगा। टांटिया ग्रुप के वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया के मुताबिक, श्रीगंगानगर के किन्नू की मिठास और गुणवत्ता इसे दूसरे फलों से अलग बनाती है, लेकिन किसानों को अब तक इसका अपेक्षित बाजार और कीमत नहीं मिल पाई है।


#### गेमचेंजर साबित हो सकता है सेंटर

**नई** वैरायटी, बेहतर पौधे, वैज्ञानिक रिसर्च, आधुनिक तकनीक और एक्सपोर्ट पर फोकस के साथ यह सेंटर किन्नू की खेती के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है। हॉर्टिकल्चर विभाग की उपनिदेशक प्रीती गर्ग के मुताबिक सेंटर को सरकारी अनुदान से विकसित किया जाएगा। रिसर्च और किसानों के लिए प्रस्तावित प्रशिक्षण निश्चित रूप से क्षेत्र के बागवानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। उत्पादन से लेकर गुणवत्ता और आधुनिक तकनीक तक, किन्नू की खेती को वैज्ञानिक आधार देने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

---

## नगर निगम द्वारा 2 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 4 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर।** नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में ट्रोमा सेन्टर गेट नंबर 3 के सामने, एसकेआईटी के सामने जगतपुरा, जगतपुरा पुलिया के नीचे, किरणपथ, शिप्रापथ मानसरोवर, शिव रेजेन्सी मांग्यावास, राष्ट्रीय नगर पांच्यावाला, चित्रकुट स्टेडियम के पास से अतिक्रमण के विरुद्ध 2 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 4 केन्टर सामान जब्त किया गया।



## जागरूक खबरें

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया सुरक्षा सखी एवं युवा सीएलजी सदस्यों के साथ सीधा संवाद

**बालोतरा @ जागरूक जनता।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार कॉवत की अध्यक्षता में जिला स्तर पर सुरक्षा साखियों एवं युवा सीएलजी सदस्यों का संवाद कार्यक्रम मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले की सुरक्षा साखियों एवं युवा सीएलजी सदस्यों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुरक्षा साखियों एवं युवा सीएलजी सदस्यों से संवाद किया।

### देवलोक हुए महाराज अर्जुन गिरी जी का षोडशी संस्कार सम्पन्न



**माउंट आबू @ जागरूक जनता।** माउंट आबू के साल गांव में स्थित महिषासुर मर्दिनी मंदिर के महंत अर्जुन गिरी जी महाराज का 3 अगस्त को देवलोक गमन हो गया था जिनकी षोडशी संस्कार मंगलवार को सालगांव महिषासुर मंदिर के परिसर में किया गया। देवलोक हुए महाराज अर्जुन गिरी जी षोडशी संस्कार में भाग लेने के लिए समस्त आबू का संत समाज व साल गाँव वासी उपस्थित रहे। सभी आबू राज के संत समाज को पहले उनकी समाधि पर पूजा अर्चन करने के बाद हवन पूजन किया गया उसके बाद सभी की भोजन प्रसादी करवाई गई अंत में ग्राम वासियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। महामंडलेश्वर श्री 1008 संजना भारतीय दश नाम जूना किन्नर अखाड़ा ने बाहर से आए हुए सन्त महात्माओं को अंत भेंट-दक्षिणा प्रदान की। षोडशी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राम मासी भी उपस्थित रहे वह सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

### 15 जिलों में 5 हजार 659 करोड़ रुपये के 944 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

# अटलजी के आदर्शों पर आगे बढ़ रहा देश, राजस्थान में विकास की रफ्तार तेज




**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का पूरा जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना को समर्पित रहा। वे बाल्यकाल से ही राष्ट्रभक्ति के रास्ते पर चले। 40 साल तक विपक्ष में रहने और हर प्रतिकूल परिस्थिति के बावजूद राष्ट्रभक्ति का सिद्धांत ही उनके जीवन का आधार रहा। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश के विकास को लेकर कई बड़े फैसले किए। पूरे विश्व के दबाव के सामने ना झुकते हुए उन्होंने पोकरण में परमाणु परीक्षण किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित अटल गौरव स्मृति समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 15 जिलों में 5,659 करोड़ रुपये के 944 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया गया। साथ ही, जल जीवन मिशन के तहत 1,500 गांवों को हर घर नल से जल की सौगात दी गई। केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि स्व. अटलजी ने हर गांव को सड़क से जोड़ने का काम किया। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत नेशनल हाईवे बनाए। देश के आदिवासियों के लिए उन्होंने पहली बार जनजाति कल्याण मंत्रालय बनाया। इसी का परिणाम है कि आज आदिवासी परिवार की बेटी द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा आदिवासी कल्याण को आगे बढ़ाया। एसटी कॉम्पोनेंट का बजट 25 हजार करोड़ से बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करोड़ तक पहुंचाने का काम किया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया। देश में 10 आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय और 772 एकलव्य विद्यापीठ बनाने का काम किया। अटलजी ने जो शुरूआत की थी प्रधानमंत्री मोदी ने इसको अंजाम तक पहुंचाया है।

**वादे पूरे करने की दिशा में तेज गति से काम कर रहे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

केन्द्रीय गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे वादे पूरे करने की दिशा में तेज गति से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान को पानी की कमी के लिए जाना जाता था, लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तीन बड़े जल समझौते कर आधे राजस्थान की प्यास बुझाने का काम किया है। हरियाणा, गुजरात और पंजाब तक का पानी वे यहां लाए हैं। साथ ही, पूरे राजस्थान को हरियाली से भरने के लिए प्रदेश में विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं। राजस्थान के विकास के लिए 36 नई नीतियां बनाई हैं। प्रदेश में 1 लाख 78 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। गरीब परिवारों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। अब तक 5 करोड़ 87 लाख सिलेंडर पर प्रदेश में सब्सिडी दी गई है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत प्रदेश में 45 लाख लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान बहुत आगे बढ़ने वाला है।

**मेवाड़ की वीर भूमि देशभक्तों के लिए काशी से कम नहीं**

केन्द्रीय गृह मंत्री ने राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि मेवाड़ की यह वीर भूमि देशभक्तों के लिए काशी से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि इस वीर भूमि के महाराणा प्रताप, वीर पूंजा भील और सेठ भामाशाह की राष्ट्रभक्ति, धर्मभक्ति, स्वराज के प्रति लगन ने मुगलों के विजय रथ को रोक कर रख दिया था। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पहले 11 लाख घरों तक ही नल से पानी पहुंचा था। माताएं-बहनें सिर पर तीन-तीन मटकियां लेकर कोसों दूर से पानी लेकर आती थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से शुरू हुए जल जीवन मिशन से 8 साल में ही राजस्थान में 64 लाख घरों तक पानी पहुंचा है।

**80 साल बाद बंकिम बाबू का अमर गान फिर से प्राप्त कर रहा सम्मान**

उन्होंने कहा कि 80वां स्वतंत्रता दिवस करोड़ों लोगों के लिए बड़ा परिवर्तन लेकर आया। आजादी के 80 साल के बाद लाल किले की प्राचीर पर और देशभर में जहां ध्वजवंदन हुआ वहां पर बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जी की अमर कृति राष्ट्र गीत वंदे मातरम का गायन हुआ। वंदे मातरम बोलते-बोलते हजारों-लाखों लोगों ने आजादी की लड़ाई में गोलियां खाईं, लाठियां खाईं, कई साल जेल में रहे और फांसी के फंदे पर चढ़ गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 80 साल के बाद बंकिम बाबू का ये अमर गान अब फिर सम्मान प्राप्त कर रहा है।

**परमाणु परीक्षण और कारगिल जीत ने भारत की छवि को किया मजबूत**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी देश के महान नेता थे। उनके कुशल नेतृत्व में द्वितीय परमाणु परीक्षण और 1999 के कारगिल युद्ध की जीत ने भारत की छवि को दुनियाभर में मजबूत किया। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से भारत को एक स्वाभिमानी और सशक्त राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाजपेयी जी के जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में घोषित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सार्वजनिक जीवन राष्ट्र सेवा और समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने और देश में नक्सलवाद की समस्या को खत्म करने में उनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है। तीन नए आपराधिक कानून लागू कर उन्होंने देश की आपराधिक न्याय व्यवस्था में व्यापक सुधार किया है।

## सावण तीज का उत्सव जिला करोल बाग महिला कांग्रेस ने हर्षोल्लास से मनाया



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सावण तीज का उत्सव जिला करोल बाग महिला कांग्रेस के द्वारा जिलाध्यक्ष समीरा छुगानी के निवास स्थान पर बड़े सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस आयोजन में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा सतवीर सिंह दिल्ली की प्रभारी सुनीता सहरावत, आभा चौधरी मुख्य रूप से सम्मलित रही। और इस आयोजन में विशेष रूप से महेन्द्र भास्कर जिलाध्यक्ष (करोल बाग कांग्रेस कमेटी) सुनील शेरशिया चेयरमैन एस सी विभाग द्वारा जिलाध्यक्ष समीरा छुगानी एवं सभी महिला कांग्रेस को सावण तीज के सुंदर आयोजन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस उत्सव में सभी ब्लॉक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष केशी लोढवाल,मंजू गुप्ता, चन्द्रकान्ता डीगवाल चन्द्रेश, लक्ष्मी खोरवाल, रीटा शर्मा, अहिल्या पाठक, शकुंतला कुरड़िया,अल्का निम, जया मौर्या तथा महिला कांग्रेस की सभी कार्यकर्ता बहनें इस उत्सव में शामिल हुई। कार्यक्रम समापन पर जिलाध्यक्ष समीरा छुगानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जे.के. सीमेंट निंबाहेड़ा-मांगरोल में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**निंबाहेड़ा।** जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेड़ा-मांगरोल प्लांट में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्र मों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। निंबाहेड़ा प्लांट में यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने ध्वजारोहण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और परेड की सलामी ली। एल.के. सिंघानिया एजुकेशन सेंटर के विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान एवं देशभक्ति सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समारोह को संबोधित करते हुए तोषनीवाल ने कहा कि नया भारत सबको साथ लेकर निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कर्मचारियों से नई दक्षताएं विकसित कर देश की प्रगति में भागीदार बनने का आह्वान किया। वहीं मांगरोल प्लांट में टेक्निकल हेड मुरली मनोहर लड्ढा के मुख्य आतिथ्य में समारोह आयोजित हुआ। उन्होंने कर्मचारियों के योगदान एवं परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि जे.के. सीमेंट नवाचार, सतत विकास और उत्कृष्ट टीम की कार्यकुशलता के बल पर राष्ट्र निर्माण में निरंतर योगदान देता रहेगा। कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक संघ पदाधिकारी एवं श्रमिक साथी मौजूद रहे। संचालन गीतिका शेखावत, लकी सिंह एवं देवेन मारोड़िया ने किया।

### माधव विश्वविद्यालय में भव्य 'युवा संवाद' कार्यक्रम संपन्न

## नचिकेता वृत्ति युवाओं की पारंपरिक पहचान, युवा केवल सवाल नहीं, समस्याओं का अध्ययन भी करें–विजयानंद

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**माउंट आबू।** जनजाति गौरव समारोह समिति, सिरोही के तत्वावधान में माधव विश्वविद्यालय में भव्य 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपने पूर्वजों, महापुरुषों, गौरवशाली परंपराओं एवं भारतीय संस्कृति से जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जोधपुर प्रांत प्रचारक एवं सामाजिक चिंतक श्री विजयानंद जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नचिकेता वृत्ति युवाओं की पारंपरिक पहचान रही है। युवा केवल सवाल पूछने तक सीमित न रहें, बल्कि समस्याओं का गहराई से अध्ययन कर उनके समाधान की दिशा में भी आगे बढ़ें। उन्होंने युवाओं को गौरवशाली इतिहास, भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक उत्थान के लिए प्रेरित किया तथा संवाद के दौरान युवाओं द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों के जवाब भी दिए। युवा संवाद के दौरान पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, परिवार व्यवस्था, युवाओं की सामाजिक भूमिका, जनसंख्या असंतुलन एवं मतांतरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर युवाओं से खुलकर संवाद किया गया। युवाओं ने विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न रखे, जिनका वक्ताओं द्वारा समाधानपरक एवं मार्गदर्शनपूर्ण उत्तर दिया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भेरा राम (RTS, झामर, मूंगथला, आबूरोड) ने प्रशासनिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से युवाओं का मार्गदर्शन किया और राष्ट्र एवं समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। समारोह के दौरान युवाओं में भारतीय संस्कृति तथा भारत माता के प्रति श्रद्धा-भक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में चिकित्सा, शिक्षा, अभियंत्रण, कृषि, श्रमिक वर्ग एवं युवा व्यवसायियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही।

## आक्या ने कार्यालय पर किया ध्वजारोहण, शहीदों की शहादत को याद कर दिया भाईचारे का संदेश

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः अपने कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। अपने संबोधन में विधायक आक्या ने कहा कि देश को आजादी अनेक वीर सपूतों के बलिदान और शहादत के बाद मिली है। हमें उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। देश में अमन-चैन, भाईचारा और आपसी सौहार्द कायम रखते हुए राष्ट्र को विकास के मार्ग पर आगे ले जाने में प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका का समुचित निर्वहन करना चाहिए। ध्वजारोहण कार्यक्रम में भरत जागेटिया, भोलाराम प्रजापत, झमकलाल सुखवाल, शैलेन्द्र झंवर, सुदर्शन रामपुरिया, नवीन पटवारी, मुन्ना गुर्जर, अनिल भटनागर, जगदीश जांगीड, रामबक्ष कीर, रामचन्द्र गुर्जर, गोपाल धाकड़, सत्यनारायण वैष्णव, नीरज सुखवाल, राजन माली, रामप्रसाद बगेरवाल, दिलीप धाकड़, रेखा शक्तावत, रेणु मिश्रा, सिम्पल वैष्णव, गिरीश दीक्षित, पिन्टू मोदी, राजकुमार तोलम्बिया, राजेश शर्मा, सुनील लड्ड़ा, विनित तिवारी, राजेश मोची, महेन्द्र सिंह, भारत सिंह राजोरा, महेन्द्र सिंह राजोरा, दीपक वर्मा, पंकज सेन, विपिन सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चन्देरिया लेड जिंक स्मेल्टर के ज़िंक नगर में मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** ज़िंक नगर स्थित खेल मैदान मे 80वॉ स्वतंत्रता दिवस समारोह उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के लोकेशन हेड आलोक रंजन ने ध्वजारोहण किया। सिक्यूरिटी विभाग एवं फायर व सेफ्टी विभाग के जवानों तथा हिन्द जिंक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। अपने अभिभाषण में उन्होंने कहा की हम देश के लिए उत्पादन कर अपना कर्तव्य पूरा कर रहे है। हमारी कंपनी पर्यावरण, सुरक्षा के मामले में विश्व स्तर के मापदंड पूरा करते हुए उत्पादन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होनें देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की बाजी लगााने वाले देशभक्तों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि इस आजादी में हासिंल की गयी गौरवपूर्ण संप्रभुता को बरकरार रखतें हुए चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स ने उत्पादन और उत्पादकता के साथ साथ सुरक्षा, कार्य संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कई नवाचार और कीर्तिमान स्थापित किए है जिसके पिछे पुरे ज़िंक टीम का सतत् प्रयास सम्मिलित है। उन्होंने कंपनी द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का विवरण देते हुए सीएसआर के कार्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि यूनियन के महामंत्री घनश्याम सिंह राणावत ने भी संबोधित किया। जिंक स्कूल के बच्चो ने देश भक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में अतिथियों ने यशद सुझाव योजना एवम् उल्लेखनीय कार्य हेतु प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

### सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार- 2027 के लिए आवेदन आमंत्रित, 30 सितंबर तक कर सकेंगे आवेदन

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**बालोतरा।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती 23 जनवरी के अवसर पर आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को "सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार" से सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। संस्थान स्वैच्छिक संगठनों, कॉरपोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रिया/वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में 30 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार हेतु उम्मीदवार ने देश में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, प्रतिक्रिया, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान/ नवाचार या इस कार्य क्षेत्र में काम किया हो।

## विकसित भारत 2047 का संकल्प : 140 करोड़ भारतीयों का साझा सपना -मित्तल



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** ललित होटल कनाट प्लेस दिल्ली के भव्य सभागार में पुलिस पब्लिक प्रेस द्वारा आयोजित 20 साल बेमिसाल विकसित भारत 2047 के अवसर पर अन्तरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलनके अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने कहा कि 2047 में जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष मनाएगा, तब हमारा संकल्प एक ही है- विकसित भारत, यह सपना किसी एक सरकार या व्यक्ति विशेष का नहीं वल्कि 140 करोड़ भारतवासियों का साझा संकल्प है। विकसित भारत का मतलब है एक ऐसी अर्थव्यवस्था जो दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी ताकत हो, जहां हर गांव में सड़क, बिजली, पानी और इंटरनेट हो, जहां किसान समृद्ध हो, युवा स्टार्टअप और नवाचार से दुनिया का नेतृत्व करे, और महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़कर मार्ग प्रशस्त करे। हमारा भारत ज्ञान, विज्ञान और संस्कृति का केंद्र बनेगा। शिक्षा और कौशल से हमारा युवा AI, सेमीकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी और अंतरिक्ष में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। स्वास्थ्य सबके लिए सुलभ होगा और भारत का हर नागरिक पौष्टिक आहार से परिपूर्ण होगा। आज विकास का अर्थ केवल इमारतें नहीं हैं, विकसित भारत का सच्चा अर्थ है स्वच्छ नदियां, हरे जंगल, और एक ऐसा समाज जहां एकता, सेवा और कर्तव्य सबसे ऊपर हो। भ्रष्टाचार मुक्त, आत्मनिर्भर और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार भारत। यह तभी संभव है जब हम "मैं" से पहले "राष्ट्र" की भावना सर्वोपरि रखें। अपने काम को पूजा मानें, नियमों का पालन करें, और हर दिन देश हित के लिए कुछ नया आयाम स्थापित करें। आइए, आज से शपथ लें। 2047 तक हम ऐसा भारत बनाकर दिखाएंगे जिस पर आने वाली पीढ़ियां गर्व करें।

## बिरला सीमेंट वर्क्स में रक्तदान शिविर, 33 कर्मचारियों व श्रमिकों ने किया रक्तदान




**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** चंदेरिया स्थित बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड, बिरला सीमेंट वर्क्स परिसर में एम.पी. बिड़ला अस्पताल की टीम के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बिरला सीमेंट वर्क्स के कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में कुल 33 प्रतिभागियों ने रक्तदान कर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। रक्तदान के प्रति कर्मचारियों एवं श्रमिकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर यूनिट हेड, एचआर हेड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने रक्तदान करने वाले कर्मचारियों एवं श्रमिकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। जरूरतमंद मरीजों के लिए दान किया गया रक्त जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाता है। इस तरह के आयोजन समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। शिविर के सफल आयोजन में एम.पी. बिड़ला अस्पताल की चिकित्सा टीम ने आवश्यक चिकित्सा सहयोग प्रदान किया। आयोजन के दौरान रक्तदाताओं की सुविधा एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं का भी ध्यान रखा गया।

### विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दी सौगात

## अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में 12 करोड़ की लागत से बनेगी सड़कें, होगा पेचवर्क

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में सड़क आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रयासों से सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2026-27 की संख्या 295 के अंतर्गत क्षेत्र में नॉन पेचेबल एवं मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण तथा विकास कार्यों के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों पर कुल 12.01 करोड़ रुपये की राशि व्यय होगी। इससे क्षेत्र की विभिन्न सड़कों की स्थिति में सुधार के साथ आवागमन अधिक सुगम एवं सुरक्षित होगा। स्वीकृत कार्यों के तहत मिसिंग लिंक सड़कों के लिए कुल 5.77 किलोमीटर लंबाई में सड़क निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 5.47 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की गई है। वहीं नॉन पेचेबल सड़कों के लिए 7.92 किलोमीटर लंबाई में कार्य किए जाएंगे, जिन पर 6.54 करोड़ रुपये की लागत प्रस्तावित है। इस प्रकार अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में कुल 13.69 किलोमीटर सड़कों के निर्माण एवं सुधार कार्य होंगे। इन कार्यों से लंबे समय से सड़क सुविधा के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता वाले क्षेत्रों को लाभ मिलेगा।

साथ ही, खराब एवं क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण होने वाली आवागमन संबंधी परेशानियों में भी कमी आएगी। मिसिंग लिंक सड़कों के अंतर्गत कुल 5.77 किमी लम्बाई के लिए 5.47 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। इसमें वरूण सागर रोड स्थित गणेश मंदिर के पास वाली गली में राज कॉलोनी होते हुए हाथीखेड़ा जाने वाले मार्ग का निर्माण, ग्राम लोहागल कुम्हार मोहल्ला में लाछी भाई के मकान से गिरधारी लाल जी के मकान तक, ग्राम माकड़वाली में महादेव जी के मकान से रेल्वे पुलिया तक, ग्राम माकड़वाली में गोपाल गुर्जर की दुकान से कुम्हार मोहल्ला में, वरूण सागर से अजयसर तक सड़क निर्माण के कार्य प्रारम्भ होंगे। इसी प्रकार नॉन पैचेबल सड़कों में 7.92 किमी लम्बाई के लिए 6.54 करोड रुपये की लागत प्रस्तावित हैं। वरूण सागर रोड स्थित रावत नगर मुख्य मार्ग के निर्माण सहित कई क्षतिग्रस्त पैनल के सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ होंगे।

## सीकर में ACB का बड़ा ट्रैप, यूपी के 4 पुलिसकर्मियों को दबोचा, 2 लाख 80 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ा

**सीकर @ जागरूक जनता।** सीकर में ACB ने बड़ा ट्रैप किया है. उत्तर प्रदेश पुलिस के 4 पुलिसकर्मियों को ट्रैप किया. साइबर क्राइम थाना अयोध्या के SI यशवंत सिंह, कांस्टेबल गौरव, सोहन और पवन को दबोचा है। 2 लाख 80 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ा है। मुकदमे में मुल्जिम नहीं बनाने की एवज में घूस मांगी थी। ऐसे में मामले की सूचना पर टीम ने अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया. ASP विजय सिंह, CI सुभाष मील ने कार्रवाई को अंजाम दिया. ACB DIG रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में कार्रवाई की गई है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में सातवीं सर्वदलीय बैठक परम्परा का सभी दलों ने किया स्वागत

# सदन में नियमों के अनुरूप प्रतिपक्ष जनहित के मुद्दे उठाये, राज्य सरकार उनके समाधान का करें पूरा प्रयास-देवनानी

### सकारात्मक रूख के साथ सदन शांतिपूर्वक चलने पर बनी सहमति

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** स्पीकर वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में मंगलवार को विधान सभा में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों ने स्पीकर देवनानी द्वारा आरम्भ की गई सर्वदलीय बैठक परम्परा का स्वागत किया। सभी दलों के सदस्यों ने स्पीकर देवनानी की पहल से आयोजित राजस्थान विधान सभा के 75वें वर्ष पर हुए पूर्व व वर्तमान विधायकों के समागम कार्यक्रम को बेहतरीन बताया। पक्ष और प्रतिपक्ष ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए देवनानी का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रारम्भ में देवनानी ने बैठक में सभी सदस्यों का अभिवादन किया।

#### सदन शांतिपूर्वक चलने पर बनी सहमति

सर्वदलीय बैठक में सकारात्मक रूख के साथ सदन शांतिपूर्वक चलाने, सदन व आसन की गरिमा को बनाये रखने और सम्मानजनक व गरिमा बनाये रखने वाले शब्दों का उपयोग किये जाने पर सभी दलों द्वारा सहमति व्यक्त की गई। पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों ने अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि सदस्य सदन में मर्यादापूर्ण व्यवहार से अपनी बात रखेंगे। जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा करेंगे। देवनानी ने भी आश्वस्त किया कि चर्चा में बोलने का सभी को पर्याप्त समय दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सदन में नियमों के अनुरूप प्रतिपक्ष जनहित के मुद्दे उठाये और राज्य सरकार उनका समाधान करने का पूरा प्रयास करें। उल्लेखनीय है कि सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के षष्ठम सत्र की बैठकें गुरूवार 20 अगस्त से प्रारम्भ होगी।



#### सदन चलाना, सदस्यों की सामूहिक जिम्मेदारी

विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सदन में सार्थक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन और आसन की गरिमा सभी सदस्य बनाये रखें। सभी दलों के सदस्य सकारात्मक सोच के साथ सदन में भागीदारी निभायें। सदन चलाना सदस्यों की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। देवनानी ने कहा कि सदन जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने का पावन स्थल है। यहां सदस्यों की चर्चा को गम्भीरता से लिया जाता है।

#### सर्वदलीय बैठक के सकारात्मक परिणाम, पहल की सराहना

राजस्थान विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सदन में रखी गयी बातों को सरकार गंभीरता से ले। सदन चलाने की जिम्मेदारी पक्ष के साथ प्रतिपक्ष की भी है। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान विधान सभा में सर्वदलीय बैठक का आयोजन अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की महत्वपूर्ण पहल है। बैठक में सदन संचालन में सर्वदलीय बैठक के सकारात्मक परिणामों की सराहना की गई। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान, भारत आदिवासी पार्टी के थावरचन्द, बहुजन समाज पार्टी के मनोज कुमार, राष्ट्रीय लोकदल के डॉ. सुभाष गर्ग और विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा बैठक में मौजूद थे।

## फर्जी फसल बीमा के खिलाफ राजस्थान सरकार का सख्त रुख

### कृषि आयुक्त ने सीएससी (ई-मित्र) व किसानों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) में फर्जी पॉलिसी बनाने वालों के खिलाफ कृषि विभाग ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। खरीफ 2026 के लिए टोंक जिले की मालपुरा तहसील और जयपुर जिले की शाहपुरा तहसील में फर्जी फसल बीमा कराने की गोपनीय सूचना की जांच में शिकायत सही पाई गई।

आयुक्त कृषि नरेश कुमार गोयल द्वारा फर्जीवाड़ा करने वाले किसानों टोंक जिले की मालपुरा तहसील के मुकेश सैनी पुत्र फूलचन्द सैनी, सीताराम सैनी पुत्र फूलचन्द सैनी एवं फूलचन्द पुत्र हजारी लाल सैनी एवं जयपुर जिले के दीपक सैनी पुत्र दिनेश सैनी एवं विनिता सैनी पत्नी सीताराम सैनी, सीएससी (ई-मित्र) एवं अन्य किसानों के विरूद्ध पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज FIR भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं में दर्ज करवाकर कठोर कार्यवाही के लिए निर्देश जारी किये गये हैं।

कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने फर्जीवाड़ा करने वाली सीएससी (ई-मित्र) तथा संबंधित किसानों के विरुद्ध पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराने और कठोर कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

#### वास्तविक किसानों के हितों की रक्षा का संकल्प

**कृषि** आयुक्त गोयल ने स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ केवल वास्तविक किसानों तक पहुंचे, इसके लिए विभाग दृढ़ है। फर्जी पॉलिसी जारी करने में शामिल सीएससी (ई-मित्र), सहयोगी किसानों, सक्रिय दलालों, बीमा कंपनी के कर्मचारियों तथा वित्तीय संस्थाओं के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यदि किसी विभागीय कर्मचारी की संलिप्तता पाई गई तो उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। गोयल ने सभी सीएससी (ई-मित्र) संचालकों, किसानों, दलालों, बीमा कर्मचारियों और वित्तीय संस्थाओं को आगाह किया है कि यदि किसी भी प्रकार का फर्जीवाड़ा पाया गया तो संबंधित विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई से कोई नहीं बच पाएगा। फर्जी तरीके से बनाई गई फसल बीमा पॉलिसियों को तत्काल निरस्त करवा लिया जाए, अन्यथा भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। कृषि विभाग ईमानदार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और योजना का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरतेगा।

#### फर्जीवाड़े के तरीके

जांच में सामने आया है कि भूमि रिकॉर्ड में फेरबदल कर फर्जी पॉलिसी बनाई जा रही थी, बिना खातेदार की जानकारी के बटाईदार के रूप में बीमा करवाया जा रहा था, एक ही खसरा पर अनेक पॉलिसी जारी की जा रही थीं, खसरे के वास्तविक क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्र पर बीमा करवाया जा रहा था तथा वास्तविक बोई गई फसल के बजाय दूसरी फसल का बीमा करवाया जा रहा था। विभाग का मानना है कि इस तरह का संगठित फर्जीवाड़ा हितधारकों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है।

## गौसेवा और हरियाली जीवन बचाने की दोनों हैं दो अनमोल धरोहर इनको बचाना सबसे बड़ा पुण्य-मिश्र

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गौमाता सेवक समिति परिवार एवं सभी गौसेवकों गौभक्तों ने श्रावण मास हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर 63वां गोसेवा महामहोत्सव श्रीराधा गोविंद गौधाम (गौशाला) राजावास जयपुर में गौमाता संकीर्तन एवं भजनों के साथ देवाधिदेव महादेव का मानस रुद्राभिषेक करते हुए सैंकड़ों गोभक्तो गोसेवकों एवं श्रद्धालुओं के साथ अपार हर्षोल्लास एवं भावविभोर होकर मनाया गया। शुरुआत में गोपुत्र ज्योतिर्विद पंडित मानस संजय मिश्र ने सूर्य देव की साक्षी में भगवान् श्री गणेश, विष्णु राधाकृष्ण पूजन, वेदलक्षणा गौमाता पूजन, हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर सर्वपितृ तर्पण पूजन, सरकार से गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने पर्यावरण संरक्षण एवं विश्व शांति के सामुहिक रुद्राभिषेक के साथ सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ दिव्य वेदलक्षणा गोमाता कृपा आरती के बाद गौशाला एवं गौधाम अध्यक्ष रमेश सुण्डा नियमित गौसेवकों नये जुड़े गौसेवकों को दुपट्टा, दक्षिणा प्रदान कर अभिनंदन सम्मान किया गया। इसके बाद सभी गौसेवकों ने मिलकर गोमाता की पूजा एवं सेवा करके गुड़ केले व हरे चारे का भोग लगाकर श्रीराधा गोविंद गौधाम में वट, पीपल, अशोक, नीम, आंवला, एवं अनेक वृक्ष वृक्षारोपण कर पेड़ों पर पंछियों के लिए पानी के परिंडे व दाना पात्र लगायें, कीड़ी नगरा, एवं अन्य सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर गोपुत्र मिश्र ने महामहोत्सव में उपस्थित सभी गौसेवकों गौभक्तों एवं श्रद्धालुओं को जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान से बचने के लिए वर्षा ऋतु हरियाली अमावस्या पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण का अखण्ड संकल्प दिलाकर पर्यावरण बचाओ सृष्टि बचाओ अभियान का श्रीगणेश किया। साथ ही पण्डित मिश्र ने गौसेवा, जीव सेवा को परम धर्म बताते हुए कहा कि समुद्र मंथन से उत्पन्न वेदलक्षणा कामधेनु गोमाता जो भारतवर्ष की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है वर्तमान में गौहत्या के कारण गौमाता विलुप्त होती जा रही है जिसकी रक्षा एवं संवर्धन करना अतिआवश्यक है।

## आधुनिक कृषि-पशुपालन एवं वैज्ञानिक तकनीक के बढ़ावे के लिए डॉ. तोमर व टीम सम्मानित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**मालपुरा।** स्वतंत्रता दिवस 2026 के टोंक जिला स्तरीय समारोह में केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर के निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर एवं उनकी टीम को उल्लेखनीय कार्यों के लिए लगातार दूसरी साल सम्मानित किया गया।

डॉ. अरुण कुमार तोमर एवं टीम ने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों जैसे खेत बचाओ अभियान, विकसित कृषि संकल्प अभियान, मेरा गांव मेरा गौरव एवं मालपुरा भेड़ परियोजना मे जिले के किसानों एवं पशुपालकों को आधुनिक कृषि-पशुपालन एवं वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ने, उनकी आय बढ़ाने, उत्पादन एवं आजीविका में सुधार की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया। इस उपलब्धि पर राजस्थान सरकार के जलदाय मंत्री श्रीमान कन्हैयालाल चौधरी, टोंक जिला कलेक्टर टीना डाबी एवं पुलिस अधीक्षक रोशन मीना ने डॉ. अरुण कुमार तोमर एवं उनकी टीम को सम्मानित किया।

निदेशक की ओर से नामित वैज्ञानिक डॉ लीला राम गुर्जर, डॉ सत्यवीर सिंह डांगी एवं डॉ अमरसिंह मीना ने यह पुरस्कार टोंक मे जिला स्तरीय कार्यक्रम मे प्राप्त किया। लगातार दूसरी साल जिला प्रशासन द्वारा संस्थान को सम्मानित करने के लिए माननीय मंत्री श्रीमान कन्हैयालाल चौधरी एवं जिला कलेक्टर टीना डाबी को निदेशक ने धन्यवाद आभार प्रकट करते हुई अपने संस्थान के सभी कर्मचारियों को इसको समर्पित किया।

## दुर्लभ सांप इंडियन एक ईटिंग का किया रेस्क्यू

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जिले के राशमी तहसील के हरनाथपुरा में रमेश कच्छावा के घर में एक सांप दिखाई दिया जिससे परिवार में भय का माहौल हो गया। परिवार ने तत्काल इसकी सूचना वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण समिति अध्यक्ष मनीष तिवारी को दी। सूचना पर राशमी से समिति सदस्य हरलाल को तुरंत मौके पर भेजा गया। रात्रि को काफी ढूंढने पर भी सांप नजर नहीं आया परंतु सुबह फिर से उसी घर में वही सांप दिखाई दिया। एक बार फिर से टीम के सदस्य हरलाल को मौके पर भेजा गया। हालांकि प्रारंभिक निरीक्षण में सांप की सटीक पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी इसलिए चित्तौड़गढ़ से पियूष कांबले एवं रामकुमार साहू के नेतृत्व में एक टीम राशमी के लिए रवाना की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर सांप का बारीकी से निरीक्षण किया। शरीर के विशिष्ट पैटर्न, सिर की बनावट और अन्य पहचान संबंधी विशेषताओं का अध्ययन करने के बाद सांप की पहचान क्षेत्र के लिए दुर्लभ इंडियन एक ईटिंग स्नेक के रूप में हुई।

सर्कुलर इकोनॉमी कॉन्सेप्ट आधारित टेक्सटाइल सेक्टर से जीरो लिक्विड डिस्चार्ज पर होगा पूरा फोकसः सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल

## टेक्सटाइल सेक्टर को मिलेगी नई दिशा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (RSPCB) द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर में "Circularity in Te&tile Sector – Best Practices for Sustainability and New Technologies for Circular Economy" विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

यह कार्यशाला 15 से 18 सितंबर 2026 तक गांधीनगर, गुजरात में आयोजित होने वाले 10वें वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम (WCEF-2026) के प्री-इवेंट के रूप में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य टेक्सटाइल उद्योग में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (ZLD), अपशिष्ट प्रबंधन तथा आधुनिक पर्यावरणीय तकनीकों के साथ सतत विकास एवं सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देना है।




कार्यक्रम का उद्घाटन अतिरिक्त मुख्य सचिव, खान एवं पेट्रोलियम विभाग एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की अध्यक्षा की अपर्णा अरोरा द्वारा किया जाएगा। साथ ही, सदस्य सचिव कपिल चन्द्रवाल स्वागत उद्बोधन देंगे। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव कपिल चन्द्रवाल ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC), मुंबई के विषय विशेषज्ञ, गुजरात के टेक्सटाइल विशेषज्ञ, शिक्षाविद् तथा उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा छह तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें रेडिएशन आधारित एफ्लुएंट डी-कलराइजेशन, अपशिष्ट जल उपचार की आधुनिक पद्धतियां, टेक्सटाइल केमिकल प्रबंधन, ZLD तकनीक, SCADA आधारित एफ्लुएंट मॉनिटरिंग तथा राजस्थान टेक्सटाइल क्लस्टर के सतत विकास जैसे विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सदस्य सचिव ने कहा कि "राजस्थान का टेक्सटाइल उद्योग देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण भाग है।

अब समय आ गया है कि औद्योगिक विकास को सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों के साथ जोड़ा जाए, जहां अपशिष्ट भी एक संसाधन बने और जल, ऊर्जा तथा कच्चे माल का अधिकतम कुशलता के साथ पुनः उपयोग हो। यह कार्यशाला उद्योगों को विश्व व्यापक आधुनिक तकनीकों से जोड़ने तथा पर्यावरणीय अनुपालन को नवाचार के साथ आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## राजस्थान में दौड़ेंगी 71 नई ई-बसें

### जयपुर-जोधपुर-उदयपुर समेत 7 शहरों की कनेक्टिविटी होगी मजबूत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में कई शहरों की कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए 71 नई ई-बसों को हरी झंडी दिखाई गई. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में पीएम ई-बस सेवा के तहत नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. जयपुर और भीलवाड़ा के लिए 24 ई-बसों को जयपुर से रवाना किया गया. जबकि अलवर, अजमेर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर से 47 ई-बसों की शुरुआत हुई है. इस दौरान उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और विधायक कालीचरण सराफ भी मौजूद थे।



#### 8 शहरों में कुल 675 बसें चलेंगी

राजस्थान के 8 प्रमुख शहरों के लिए पीएम ई-बस सेवा के पहले चरण में 675 बसें स्वीकृत हैं, जबकि राज्य सरकार के प्रयासों से अतिरिक्त 475 बसें भी स्वीकृत हुई हैं. ई-बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन, बस स्टॉप और बस स्टैंड जैसी सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं. साथ ही आने वाले समय में रोडवेज की नई बसें भी शुरू की जाएंगी.

#### शहरी विकास से जुड़े 1421 कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण

इसके अलावा, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार (18 अगस्त) को शहरी विकास से जुड़े 1,421 कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे. कार्यऋ म में मजबूत सड़कें, सुगम यातायात और बेहतर जल निकासी से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं. आधुनिक सीवरेज, सुरक्षित सबवे और शहरों की नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने वाले कार्य भी शामिल हैं.

#### 1 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को मिलेंगे 126 करोड़ रुपये

शहरी क्षेत्रों में मेडिकल सुविधाओं के विस्तार और श्रमिक कल्याण योजनाओं के कार्यक्रम पर खासा फोकस किया जा रहा है. श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के 1 लाख 32 हजार 421 लाभार्थियों को करीब 126 करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाएगी.

‘ऊर्जा 2026 - अभ्युदय’ का भव्य आगाज

## नियमितता, अनुशासन और समय प्रबंधन सफलता की पहली सीढ़ी-डॉ. राजीव बियानी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के स्वागत एवं उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से बियानी बी.एड. कॉलेज की ओर से तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम ‘ऊर्जा 2026 ङ्क अभ्युदय’ का भव्य आगाज किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उत्साह और उमंग से भरे माहौल में हुई। ‘ऊर्जा’ के लाल रंग को जोश, उत्साह, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक मानते हुए सभी विद्यार्थियों ने लाल रंग के परिधान पहनकर कार्यक्रम में उमंग, उल्लास और आत्मविश्वास का संचार किया। कार्यक्रम की थीम "राइजिंग ऑफ न्यू पेडागोजिकल लीडर्स" रही। कार्यक्रम शुभारंभ चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी, प्रिंसिपल डॉ. शिप्रा गुप्ता, एसोसिएट प्रो. राहुल अग्रवाल एवं एसोसिएट प्रो. डॉ. सुनीता कुमारी शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई और विद्यार्थियों का नए शैक्षणिक सत्र में स्वागत किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्तित्व विकास, नियमित कॉलेज उपस्थिति और समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कॉलेज में नियमित रहना और जिस दिन जो कार्य सौंपा जाए, उसे उसी दिन पूरा करने की आदत विकसित करना सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



## कांग्रेस से टिकट पाना है तो 'QR कोड' स्कैन करिए

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में आगामी निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस ने टिकट वितरण प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है. पार्टी ने अब टिकट के इच्छुक नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए ऑनलाइन आवेदन व्यवस्था लागू कर दी है. चुनाव लड़ने के इच्छुक सभी दावेदारों को ऑनलाइन आवेदन करना जरूरी होगा. कांग्रेस ने इस बार सोशल मीडिया की भूमिका को भी टिकट चयन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया है. दावेदारों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स, उनकी सक्रियता और फॉलोअर्स से संबंधित जानकारी भी आवेदन में दर्ज करनी होगी.

#### QR स्कैन करते हए खुल जाएगा पॉर्टल




निकाय चुनावों की तैयारी में जुटी कांग्रेस इस नई व्यवस्था को संगठन में जवाबदेही और पारदर्शिता की दिशा में अहम कदम मान रही है. अब टिकट के इच्छुक नेताओं को पारंपरिक सिफारिशों के बजाय निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपनी दावेदारी प्रस्तुत करनी होगी. राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मंगलवार (18 अगस्त) को QR कोड जारी किया. इस QR कोड को स्कैन करते ही टिकट दावेदारी के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल खुल जाएगा, जहां इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन भर सकेंगे.

#### फॉर्म में भरनी होगी ये जानकारी

आवेदकों को 6 चरणों में अपनी पूरी जानकारी देनी होगी. आवेदन पत्र में संबंधित स्थानीय निकाय का नाम, वार्ड संख्या, व्यक्तिगत विवरण और राजनीतिक पृष्ठभूमि से जुड़ी जानकारी मांगी जाएगी. इसके अलावा सामाजिक गतिविधियों, जनसंपर्क, संगठनात्मक अनुभव तथा वार्ड की प्रोफाइल से जुड़ा ब्यौरा भी देना होगा.

#### डिजिटल सिस्टम से सक्रिय कार्यकर्ताओं की होगी पहचान

डोटासरा ने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाने से टिकट वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी और सभी दावेदारों का मूल्यांकन एक समान मापदंडों पर किया जा सकेगा. इस डिजिटल सिस्टम से स्थानीय स्तर पर सक्रिय और जनाधार रखने वाले कार्यकर्ताओं की पहचान करने में भी मदद मिलेगी।